दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 12 दिसम्बर -2025 ● वर्ष : 10 अंक : 354 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## गोवा अग्निकांड मामला: लूथरा ब्रदर्स को कोर्ट से झटका, अग्रिम जमानत याचिका हुई खारिज




**नई दिल्ली:** गोवा के मशहूर नाइटक्लब में भीषण आग लगने के मामले में आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को अदालत से कोई राहत नहीं मिली है। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने दोनों भाइयों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। रोहिणी कोर्ट की एडिशनल सेशन जज वंदना ने लूथरा ब्रदर्स द्वारा दायर याचिका को खारिज करने का आदेश दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इन दोनों भाइयों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है।

**गोवा पुलिस ने किया था कड़ा विरोध :** गोवा पुलिस ने लूथरा बंधुओं की अग्रिम जमानत याचिकाओं का कड़ा विरोध किया। गोवा पुलिस ने कोर्ट को बताया कि नाइटक्लब में गौरव लूथरा, सौरभ लूथरा और अजय गुप्ता हस्ताक्षरकर्ता हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि क्लब का पंचायत लाइसेंस पहले ही समाप्त हो चुका था और उसका नवीनीकरण नहीं कराया गया था।

गोवा पुलिस के वकील ने तर्क दिया था कि भाइयों की ओर से कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है, इसलिए वे अदालत द्वारा असाधारण सुरक्षा के हकदार नहीं हैं। वकील ने कहा कि दोनों भाई 7 दिसंबर को भारत छोड़कर चले गए, जबकि उन्होंने दावा किया था कि वे 6 दिसंबर की रात को निकले थे। वकील ने तर्क दिया कि इससे पता चलता है कि सौरभ और गौरव लूथरा ने अदालत और अधिकारियों को गुमराह किया और देश छोड़ दिया। गोवा पुलिस ने यह भी दावा किया कि आरोपियों द्वारा बताए गए मेडिकल आधार फर्जी हैं, क्योंकि मरीज को डॉक्टर ने देखा ही नहीं था।

**लूथरा ब्रदर्स के वकील की दलीलें :** लूथरा ब्रदर्स की ओर से सीनियर एडवोकेट तनवीर अहमद पेश हुए। उन्होंने कोर्ट में दलीलें रखीं।






# सड़क हादसों में जीवन रक्षा के लिए हर थाने में तैनात होगी क्रिटिकल कॉरिडोर टीम

### दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और मोदीनगर क्षेत्र में बढ़ेगी अतिरिक्त पुलिस फोर्स

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** केंद्र सरकार द्वारा सड़क हादसों में तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए जीवन रक्षा और त्वरित सहायता के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में गाजियाबाद के थाना मोदीनगर को क्रिटिकल पुलिस स्टेशन के रूप में चिन्हित किया गया है। दिल्ली-मेरठ रोड पर बढ़ते हादसों की वजह से यहां अतिरिक्त फोर्स तैनात रहेगी। सीपी जे रविंदर गौड ने बताया कि क्रिटिकल कॉरिडोर पर कार्रवाई के लिए थाना पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है, जिसमें एक यातायात निरीक्षक, तीन उपनिरीक्षक (ट्रैफिक) और 16 कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहेंगे।

### थाना स्तर पर बनेगी विशेष क्रिटिकल कॉरिडोर टीम




करंट क्राइम : क्रिटिकल कॉरिडोर पर प्रभावी कार्रवाई और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक अलग टीम तैयार की जा रही है। इसमें एक उपनिरीक्षक, कई हेड कांस्टेबल शामिल होंगे। उन्हें स्पीड लेजर गन, ब्रेथ एनालाइजर, डेसीबल मीटर और बॉडी-वॉर्न कैमरा उपलब्ध कराया जाएगा। इन पुलिसकर्मियों को अभियान चलाकर फर्स्ट एड और प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि हादसे के तुरंत बाद मौके पर ही मदद पहुंचाई जा सके। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने निर्देश दिए हैं कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दैनिक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जाए।



## ठंड से बचाव के लिए नगर निगम का अलाव अभियान जारी

# 22 स्थलों पर व्यवस्था, जल्द बढ़कर 60 स्थान होंगे शामिल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर निगम निराश्रितों के लिए 22 सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्देश दिए हैं कि जहां अधिक निराश्रित दिखाई दें, वहां तुरंत अलाव बढ़ाए जाएं। नंदी पार्क गौशाला में भी रात में अलाव जलाकर गोवंशों को ठंड से बचाया जा रहा है। उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज के अनुसार, आश्रय स्थलों के बाहर, नासिरपुर फाटक, पुराना बस अड्डा, अर्थला चौराहा, डीएलएफ कॉलोनी, कौशांबी, लोहिया नगर, पुराना गाजियाबाद रेलवे स्टेशन, मोहन नगर सहित कई स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। नगर निगम प्रतिदिन लकड़ी उपलब्ध करा रहा है ताकि निराश्रितों को लगातार राहत मिल सके ।निगम द्वारा अलाव व्यवस्था को जल्द ही बढ़ाकर करीब 60 स्थानों तक विस्तारित करने की योजना बनाई जा रही है।

# चोर को हुआ दर्द, जब पुलिस ने किया उसे लुटेरे में दर्ज


## फोटो आने के बाद पुलिस के सामने हुआ पेश

### पुलिस कमिश्नर तक पहुंची मामले की शिकायत तो मची खलबली

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अलग-अलग जोन के लुटेरे और स्नैचिंग करने वाले बदमाशों के पोस्टर सार्वजनिक किए गए थे। इनका प्रमुख स्थानों के साथ ही पुलिस के थानों और अन्य स्थानों पर लगाया गया था। अब इस मामले का रिएक्शन आया है। दरअसल मिली जानकारी के अनुसार सिटी में कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले एक बदमाश जो की चोरी के अपराध को अंजाम देता है, उसका लुटेरों वाली लिस्ट में नाम और फोटो प्रकाशित हो गया है। जिसके बाद इस पूरे मामले में वह एक अधिवक्ता के पास पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त कार्यालाय में की गई है।

मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर तक की गई तो थाने में खलबली मच गई और अब इस मामले में एसीपी स्तर के अधिकारी द्वारा जांच में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस का पोस्टर जिसे लुटेरा बता रहा है वह एक चोर है।

### आरोपी बोला मुझे फंसाया जा रहा है



करंट क्राइम : इस मामले में जब आरोपी जो कि खुद को पीड़ित बता रहा है पुलिस कमिश्नर तक मामले की शिकायत पहुंची। तो इसमें अधिकारियों के बीच खलबली मची और आनन-फानन में थाने के क्राइम रजिस्टर से लेकर सीसीटीएनएस तक जांच की गई। अभी फिलहाल मामला स्पष्ट नहीं हुआ है, पर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि उसपर चोरी और आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं जबकि उसे पुलिस के पोस्टर में लुटेरा दर्शाया गया है। इसको लेकर उसने पुलिस के अधिकारियों से मांग की है कि उसके साथ गलत ना हो और उसका नाम हटाया जाए। बता दें कि कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा हाल ही में के लुटेरों और स्नैचर्स के पोस्टर सार्वजनिक किए गए थे। इन्हें प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, थानों और अन्य क्षेत्रों में भी चस्पा किया गया। लेकिन अब इस पोस्टर का एक चोर होने का दावा करने वाले युवक ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। एक आरोपी, जिस पर चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं, का नाम और फोटो पुलिस ने लुटेरा और स्नैचर की लिस्ट में डाल दिया। खुद को चोर लेकिन लुटेरा नहीं बताने वाला आरोपी इस पोस्टर को देखकर आगबबूला हो गया और सीधे एक अधिवक्ता के साथ पुलिस आयुक्त के कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

# गाजियाबाद की एसआईआर रिपोर्ट में बड़ा फर्क

# मोदीनगर मजबूत, साहिबाबाद-गाजियाबाद पिछड़े

# 4.68 लाख फॉर्म 'अनट्रेसेबल' का रिकॉर्ड




**जिले की हर सीट की पोल खुली, कहाँ काम रुका और कहाँ तेजी दिखाई, डेटा ने बताया पूरा सच**

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाज़ियाबाद जिले की नई एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट (11 दिसंबर, शाम 4 बजे) ने पाँचों विधानसभा सीटों की प्रगति का पूरा गणित खोल दिया है। रिपोर्ट बताती है कि जहाँ मोदीनगर सीट सबसे संतुलित और नियंत्रित स्थिति में है, वहीं साहिबाबाद और गाज़ियाबाद सीटें एसआईआर अभियान की सबसे कमजोर कड़ियाँ बनकर उभरी हैं। फॉर्म कलेक्शन, बीएलओ-वैरिफिकेशन, डिजिटल मैपिंग और एएसडी विसंगतियां – चारों मोर्चों पर सीटों की यह तुलनात्मक समीक्षा स्पष्ट कर देती है कि गाज़ियाबाद शहर और साहिबाबाद में तैयारियाँ गहरे संकट में हैं। जिले में कुल 3,03,959 फॉर्म अनकलेक्टेबल की श्रेणी में दर्ज हुए हैं, जिनमें से सबसे बड़ा हिस्सा साहिबाबाद का है – अकेले 4,68,107 फॉर्म, जो पूरे जिले का लगभग 45% है। वहीं एएसडी विसंगतियों में सबसे खराब स्थिति गाज़ियाबाद शहर की रही, जहाँ 2,05,320 मतदाताओं पर सत्यापन संबंधी गंभीर असंगतियाँ दर्ज हैं।




## सीटवार तुलनात्मक रिपोर्ट

### 57-मोदीनगर – जिले की सबसे बेहतर चलती सीट

मोदीनगर ने इस रिपोर्ट में सबसे संतुलित प्रदर्शन दिया। कम एएसडी और अपेक्षाकृत कम अनकलेक्टेबल होने से यह सीट जिला स्तर पर सबसे स्थिर और नियंत्रण में मानी जा रही है।

कुल मतदाता : **3,07,346**
मैप्ड : **2,55,541**
एसडी विसंगतियां : **74,252 (22.18%)**
अनकलेक्टेबल : **78,761 (23.53%)**

### 55-साहिबाबाद – फॉर्म कलेक्शन में जिले की सबसे बड़ी विफलता

साहिबाबाद की स्थिति एसआईआर अभियान की सबसे बड़ी चिंता है। सिर्फ अनट्रेसेबल ही 2,22,823 हैं और स्थायी रूप से स्थानांतरित 2,00,438। मतलब—आधे से ज्यादा समस्याएँ सिर्फ इस एक सीट से निकल रही हैं।

कुल मतदाता : **10,42,469**
मैप्ड : **7,23,687**
कोई मैपिंग नहीं : **3,37,781**
एएसडी विसंगतियां : **1,78,001 (17.07%)**
अनकलेक्टेबल : **4,68,107 (44.90%**

### 56-गाज़ियाबाद शहर – सबसे खराब स्थिति

रिपोर्ट का दूसरा बड़ा झटका गाज़ियाबाद शहर है। यहां डेटा मिलान और बीएलओ-वैरिफिकेशन लगभग पूरी तरह दबाव में दिखाई देता है।

कुल मतदाता : **4,68,04**
मैप्ड : **3,43,254**, कोई मैपिंग नहीं : **1,24,789**, एएसडी विसंगतियां : **2,05,320 (43.84%)** (जिले में सबसे अधिक), अनकलेक्टेबल : **1,65,789 (35.40%)**

### 53-लोनी – औसत रफ्तार

लोनी में काम चल रहा है, पर न मैपिंग संतोषजनक है न फॉर्म कलेक्शन।

कुल मतदाता : **5,32,755**, मैप्ड : **3,44,881**, कोई मैपिंग नहीं : **1,65,860**, एएसडी विसंगतियां : **19,632 (3.68%)**, अनकलेक्टेबल : **1,75,801 (33.00%)**

### 54-मुरादनगर – कमजोर पकड़

यह सीट न सबसे आगे है न सबसे पीछे – पर गति निश्चित रूप से धीमी है।




कुल मतदाता : **4,59,698**, मैप्ड : **3,81,035**, कोई मैपिंग नहीं : **1,41,559**, एएसडी विसंगतियां : **16,674 (3.63%)**, अनकलेक्टेबल : **1,51,134 (32.88%)**

### रिपोर्ट का सबसे बड़ा सार

जिला-स्तर की सबसे बड़ी चिंता : **4.68 लाख फॉर्म साहिबाबाद** से ही गायब। अनट्रेसेबल + शिफ्टेड की अभूतपूर्व संख्या।

**गाज़ियाबाद शहर** में 43.84% एएसडी विसंगतियां – डेटा मैचिंग लगभग ठप। मतदाता सूची की गुणवत्ता पर सबसे बड़ा सवाल।

**मोदीनगर** जिले का इकलौता मॉडल – संतुलित मैपिंग + नियंत्रित एएसडी। बाकी सीटों के लिए कार्यशैली का उदाहरण।

**लोनी** और **मुरादनगर** – न खतरे में, न सुरक्षित; बीच में फंसी दोनों सीटें। काम आगे बढ़ रहा है पर धीमी चाल पूरे अभियान को प्रभावित कर रही है।

### आखिर पिछड़ कौन रहा है और क्यों?



1. साहिबाबाद में तेज माइग्रेशन और अधूरी फील्ड विज़िट
   पते बदले, मकान खाली मिले, टीम समय पर नहीं पहुँची—4.68 लाख फॉर्म का गायब होना इसी का परिणाम है।
2. गाज़ियाबाद सीट में डेटा-मैपिंग की सबसे बड़ी चूक
   एएसडी विसंगतियों का 43.84% होना बताता है कि डेटा बेसझ्रमैचिंग बेहद कमजोर रही।
3. बीएलओ सुपरविजन और वॉर्ड-स्तरीय माइक्रो प्लानिंग का अभाव
   जहाँ फोर्स चाहिए थी, वहां नहीं पहुंची; जहां टीम चाहिए थी वहां कम संख्या में तैनात हुई।
4. उच्च घनत्व वाली सीटों पर संसाधन वितरण का असंतुलन
   सबसे ज्यादा मुश्किल वाले क्षेत्रों को सबसे कम सहायता मिली।

### निष्कर्ष

गाज़ियाबाद की इस रिपोर्ट का साफ अर्थ है कि मोदीनगर ही अभी ज़िले को संतुलित रखे हुए है, जबकि साहिबाबाद और गाज़ियाबाद सीटें पूरे एसआईआर अभियान को पीछे धकेल रही हैं। अगर अगले 10झ 12 दिनों में दोनों सीटों पर फील्ड-टीमें, मैपिंग और फॉर्म कलेक्शन की रफ्तार दोगुनी नहीं की गई, तो जिले का कुल एसआईआर लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है।

# गोवा हादसे के बाद अब स्कूलों में शुरू हुआ सुरक्षा अभियान

# टीचर्स, मेड और अटेंडेंट को चलवाए जा रहे अग्निशमन यंत्र

### - बच्चों को बचाव एवं जागरूकता कार्यक्रम के जरिए दी जा रही ट्रेनिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गोवा के एक क्लब में हुए भीषण अग्निकांड में 25 लोगों की दर्दनाक मौत के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार से पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र के स्कूलों में आग से बचाव और जागरूकता कार्यक्रम शुरू कर दिया गया। गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल के अनुसार, कई टीमों को अलग-अलग स्कूलों में भेजकर शिक्षकों, अटेंडेंट, मेड और बच्चों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षा के उपाय सिखाए जा रहे हैं। अभियान का मकसद सभी को यह समझाना है कि आग लगने पर कैसे शांत रहें, क्या करें और किन गलतियों से बचना जरूरी है।





### पहले दिन 570 लोगों ने सीखा अग्निशमन यंत्र चलाना



करंट क्राइम : सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि अभियान के पहले दिन कुल 570 लोगों को अग्निशमन उपकरणों का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। सभी को बताया गया कि आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग न करें। इलेक्ट्रिक आग पर सीधे पानी न डालें, भगदड़ न मचाएं, शांत रहकर एग्ज़िट पॉइंट की ओर बढ़ें। शुरूआती आग बुझाने के लिए मौजूद उपकरणों का सही उपयोग करें। इस अभियान के तहत वैशाली का सन वैली इंटरनेशनल स्कूल, मदर ड्रीम लैंड जूनियर हाई स्कूल, डीएलएफ अंकुर विहार लोनी, ज्ञान अंजलि इंटरनेशनल स्कूल, भोजपुर, मोदीनगर, देहरादून पब्लिक स्कूल, मधुबन बापूधाम सहित कई स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिकारी ने बताया कि आने वाले दिनों में सभी स्कूल और शिक्षण संस्थानों में इस तरह के जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

### आग लगने पर इन बातों का रखें विशेष ध्यान :

- तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दें।
- धुआं अधिक हो तो झुककर निकलें।
- दरवाजा खोलने से पहले हाथ से उसका तापमान जांचें।
- गैस या शॉर्ट-सर्किट की आशंका हो तो बिजली मेन स्विच तुरंत बंद करें।
- छोटे बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में प्राथमिकता दें।





# नाइट क्लब अग्निकांड : 100 घंटे के अंदर दबोचे गए लूथरा ब्रदर्स




## भारत से भागकर थाईलैंड के फुकेट में छुपे थे

**नई दिल्ली।** भारत के अनुरोध पर थाईलैंड पुलिस ने फुकेट में लूथरा भाइयों को हिरासत में ले लिया है। पिछले दिनों गोवा में नाइटक्लब में अग्निकांड में 25 लोगों की जान चली गई थी। लूथरा ब्रदर्स इस नाइटक्लब के फाउंडर हैं और हादसे के बाद फरार थे। पिछले हफ्ते 6 दिसंबर को गोवा के अरपोरा में स्थित बिर्च बाय रोमियो नाइटक्लब में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया था। इस घटना में 25 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी और कई लोग घायल भी हुए थे। घटना के बाद क्लब के फाउंडर ब्रदर्स फुकेट भाग गए थे। मामले में उन्हें आरोपी बनाया गया है।

पुलिस ने एक्शन लेते हुए मुख्य आरोपियों गौरव और सौरभ लूथरा के पासपोर्ट सस्पेंड कर दिए हैं। पासपोर्ट इसलिए सस्पेंड किया गया कि वे फुकेट से आगे कहीं और नहीं जा सकें। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे इंटरपोल और कूटनीतिक चैनलों के जरिए भारत के लिए उनका प्रत्यर्पण आसान हो सकता है। हालांकि, अब उन्हें हिरासत में ले लिया गया, जो एक बड़ा एक्शन है। सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया, ₹विदेश मंत्रालय को लूथरा ब्रदर्स के पासपोर्ट कैंसिल करने का औपचारिक अनुरोध गोवा सरकार की तरफ से मिला था। लूथरा ब्रदर्श ने कोर्ट में अंतरिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। अग्निकांड मामले में बुधवार को अदालत ने लूथरा ब्रदर्स को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और उनकी याचिका पर सुनवाई गुरुवार को तय की गई है। सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा और तनवीर अहमद मीर अदालत में भाइयों की तरफ से पेश हुए।

## रोहिणी कोर्ट में लूथरा भाइयों की अग्रिम जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के ह्यबर्च बाय रोमियो लेनह्ल अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना आदेश आज शाम पांच बजे सुनाएगी।



यह मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं। अदालत में दोनों पक्षों ने अपनी दलीलें रखीं। पुलिस का कहना है कि लूथरा भाइयों ने जांच में सहयोग नहीं किया, जबकि बचाव पक्ष ने गिरफ्तारी पर रोक की मांग करते हुए कहा कि मामला गैर-हत्यात्मक है।

### बचाव पक्ष की दलीलें

लूथरा भाइयों के वकील तनवीर अहमद मीर ने कहा कि एफआईआर के अनुसार घटना लापरवाही का मामला है, कोई हत्या नहीं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों के कारण परिवार को खतरा है और बिना नोटिस दो रेस्तरां तोड़े गए। उन्होंने कहा कि लूथरा भाई फरार नहीं हैं और जांच में शामिल होने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया और सीधे वारंट जारी किया गया।

**विदेश जाने पर सवाल :** बचाव पक्ष ने बताया कि लूथरा भाई फुकेत में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यात्रा पर थे।

वहीं पुलिस ने अदालत में कहा कि उनका थाईलैंड में कोई व्यावसायिक काम नहीं है और उन्होंने 7 दिसंबर को देश छोड़ा, जबकि अदालत में गलत तारीख बताई। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने कोर्ट और एजेंसियों को गुमराह किया।

### पुलिस का दावा

गोवा पुलिस ने कहा कि गौरव लूथरा, सौरभ लूथरा और अजय गुप्ता इस प्रोजेक्ट के हस्ताक्षरकर्ता हैं। उनका कहना है कि पंचायती लाइसेंस पहले ही समाप्त हो चुका था और उसका नवीनीकरण नहीं कराया गया। पुलिस ने कहा कि लूथरा भाइयों के सहयोग न करने के कारण उन्हें अदालत से अतिरिक्त सुरक्षा नहीं मिलनी चाहिए।

बचाव पक्ष ने कहा कि गिरफ्तारी गुस्से या बदले की भावना में नहीं की जा सकती। उन्होंने दावा किया कि 90 प्रतिशत जांच उनके बिना पूरी हो चुकी है और पुलिस ने यह नहीं बताया कि हिरासत की जरूरत क्यों है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया।

## उत्तर गोवा में नाइट क्लब-होटलों के अंदर आतिशबाजी पर पूर्ण रोक




**पणजी।** नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत के कुछ दिन बाद उत्तर गोवा जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। जिला प्रशासन ने पर्यटन स्थलों के अंदर आतिशबाजी, फुलझड़ी और आग या धुआं पैदा करने वाले उपकरणों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक लगाने का आदेश जारी किया है।


जिला प्रशासन ने यह आदेश बुधवार शाम को जारी किया। अरपोरा में छह दिसंबर की मध्यरात्रि को नाइटक्लब में हुए अग्निकांड जैसी त्रासदी को रोकने के लिए यह उपाय किया गया है। जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2023 की भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया गया है। इसके मुताबिक, पर्यटन स्थलों के अंदर अतिशबाजी, फुलझड़ी, पायरोटेक्निक इफेक्ट्स, फ्लेम थ्रोअर जैसी धुआं पैदा करने वाले उपकरण और इसी तरह के आग/धुआं पैदा करने वाले उपकरणों का उपयोग, जलाना या फोड़ना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

आदेश के मुताबिक, यह रोक उत्तर गोवा के सभी नाइटक्लब, बार और रेस्तरां, होटल, गेस्ट हाउस, रिसॉर्ट, बीच शैक, अस्थायी संरचनाओं, कार्यक्रम स्थलों और मनोरंजन स्थलों पर लागू होगी।

# यूपी में एसआईआर की समय सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को भेजा था पत्र

**लखनऊ।** यूपी में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से और समय मांगा गया है। इसे अब मंजूर कर दिया गया है। यूपी अब एसआईआर की सीमा 31 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस संबंध में आयोग को पत्र भेज दिया था। ताकि मृतक, स्थानांतरित और अनुपस्थित मतदाताओं का पुनः सत्यापन कराया जा सके।

रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 99.24 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। डिजिटाइज गणना प्रपत्रों में 18.85 प्रतिशत गणना प्रपत्र असंग्रहीत यानी मृतक, स्थाई रूप से स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। अभी तक 80.29 प्रतिशत गणना प्रपत्र मतदाता व उसके परिवार के अन्य सदस्य के हस्ताक्षर से वापस मिल चुके हैं।




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18.85 प्रतिशत लगभग 2.91 करोड़ मतदाताओं के गणना प्रपत्र असंग्रहीत श्रेणी के हैं, जिसमें सर्वाधिक 8.22 प्रतिशत यानी लगभग 1.27 करोड़ स्थायी रुप से अपने निवास स्थान से स्थानांतरित मतदाता हैं।

2.98 प्रतिशत यानी लगभग 45.95 लाख मृतक मतदाता, 1.5 प्रतिशत यानी लगभग 23.69 लाख ऐसे मतदाता हैं, जो पहले से ही किसी और स्थान पर भी मतदाता हैं। 0.62 प्रतिशत या 9.58 लाख ऐसे मतदाता हैं, जिन्होंने गणना प्रपत्र लेकर अभी तक वापस नहीं किया। वहीं, 5.49 प्रतिशत यानी 84.73 लाख मतदाता अनुपस्थित हैं।

**76 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का काम :** मतदाताओं से अभी तक प्राप्त गणना प्रपत्रों की मैपिंग का काम 76 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। यह मैपिंग वर्ष 2003 की मतदाता सूची से की गई है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मैपिंग के काम में और तेजी लाते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें।

**जिनका सूची में नाम नहीं, फॉर्म-6 भरें :** उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्ष-2025 की मतदाता सूची में न होने से उनको गणना प्रपत्र नहीं प्राप्त हुए, उनसे फार्म-6 भरवाएं जाएं। इसी तरह 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं को मतदाता बनने के लिए फार्म-6 भरवाए जाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 14 जिलों, 132 विधानसभा क्षेत्रों और 143509 मतदेय स्थलों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का काम पूरा हो चुका है।

# संसद सत्र के 9वें दिन राज्यसभा में चुनाव सुधार पर बहस

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज 9वां कार्यदिवस है। लोकसभा की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। इसके बाद अन्य विधायी कार्यों का निपटारा किया गया। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद सभापति सीपी राधाकृष्णन ने चुनाव सुधार पर चर्चा शुरू कराई।

विपक्ष का आरोप है कि भाजपा नीत सत्ताधारी खेमा राष्ट्रीय गीत पर राजनीति कर रहा है। ट्रेजरी बेंच यानी सत्ताधारी पक्ष ने विपक्षी दलों पर पलटवार कर रहा, भारत को आजादी केवल कांग्रेस ने ही नहीं दिलाई। देश को मिली आजादी में सशस्त्र क्रांतिकारियों का भी योगदान रहा है।

### जेपी नड्डा ने वंदे मातरम पर दिया जवाब



लोकसभा में प्रश्नकाल की शुरूआत के बाद सड़क-परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से जुड़े सवाल पूछे गए। पश्चिम बंगाल की कूचबिहार लोकसभा सीट से निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस सांसद जगदीश चंद्र बर्मा के सवाल पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ई10 और ई-20 ईंधन मानकों के आधार पर चलने वाले वाहनों से जुड़े सवाल पर जवाब दिए।

**कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्का ने उठाए चुनाव आयोग पर सवाल :** कांग्रेस सांसद सप्तगिरी उल्का ने कहा है कि जब भी वे चुनाव आयोग के खिलाफ सवाल उठाते हैं, तो सरकार हमेशा उनका बचाव करती है। उल्का ने कहा कि जब हम चुनाव आयोग के खिलाफ कुछ कहते हैं, तो चुनाव आयोग खुद कुछ नहीं कहता, लेकिन भाजपा के प्रवक्ता उनका बचाव करते रहते हैं। हमारे सवाल स्पष्ट हैं और हमने कुछ मुद्दे उठाए हैं जिनके जवाब चाहिए।

**क्या टीएमसी सांसद ने ई-सिगरेट जलाई? अनुराग ठाकुर के आरोप पर स्पीकर बोले- जांच होगी :** लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आज तृणमूल कांग्रेस सांसद पर गंभीर आरोप लगाए। अनुराग ठाकुर ने स्पीकर ओम बिरला से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने की मांग की। इस पर स्पीकर ने उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी तरह के नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सदन के नियमों के मुताबिक समुचित जांच कराई जाएगी।

उत्तर प्रदेश में बाढ़ से सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार की तरफ से दी जाने वाली आर्थिक मदद के मुद्दे पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने जवाब दिए।

# राज्यसभा में बोलीं सुधा मूर्ति, कहा- सामाजिक नवाचार करने वाले लोगों को सराहना की जरूरत



**नई दिल्ली।** राज्यसभा की मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने गुरुवार को कहा कि हम तकनीकी उपलब्धियों की तो खूब सराहना करते हैं, लेकिन वहीं समाज की रोजमर्रा की समस्याओं का हल निकालने वाले असली नवाचार करने वालों को पहचान नहीं मिल पाती। उन्होंने जोर देकर कहा कि सामाजिक नवाचार करने वाले लोग, जो आम लोगों की जिंदगी आसान बनाने के लिए नए तरीके और समाधान खोजते हैं, उन्हें भी उतनी ही अहमियत और सम्मान मिलना चाहिए। उनका काम सीधे समाज की भलाई से जुड़ा होता है।

**इडली ग्राइंडर जैसे नवाचारों ने जीवन को बदल दिया :** शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए मूर्ति ने कहा कि इडली ग्राइंडर जैसे नवाचारों ने जीवन को बदल दिया है, विशेष रूप से महिलाओं के जीवन को, फिर भी उनके आविष्कारकों को काफी हद तक भुला दिया गया है। आगे उन्होंने कहा, जब आप कोई तकनीकी नवाचार करते हैं, तो आपकी उपलब्धियों के लिए आपका सम्मान किया जाता है, आपको पुरस्कार मिलता है, लोग ताली बजाते हैं, लेकिन जब अन्य उपलब्धियों की बात आती है, तो लोग परवाह नहीं करते।

**जापानी आविष्कारक का हवाला दिया :** वैश्विक उदाहरणों की करते हुए मूर्ति ने क्यूआर कोड के जापानी आविष्कारक का हवाला दिया, जिन्होंने अपने नवाचार का पेटेंट नहीं कराने का विकल्प चुना, जिससे यह दुनिया भर में स्वतंत्र रूप से उपलब्ध हो गया। उनका कहना था कि इसे मुफ्त में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। लेकिन उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि 'बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' (बहुत से लोगों के कल्याण और सुख के लिए)।

# भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाक की नाव, तटरक्षक बल ने की जब्त

### चालक दल के 11 सदस्य भी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** भारत की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने गुरुवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।



अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है। गुजरात रक्षा पीआरओ विंग कमांडर अभिषेक कुमार तिवारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय तटरक्षक बल ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंदर चालक दल के 11 सदस्यों वाली एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त किया।

# जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हुई दिल्ली, कई इलाकों में एक्यूआई 300 के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण का स्तर चिंता बढ़ा रहा है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, राजधानी का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स 282 दर्ज किया गया है, जो कि खराब श्रेणी में आता है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर सुबह 7 बजे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों में कई इलाकों का एक्यूआई 300 से भी अधिक पाया गया है।



सबसे खराब स्थिति बवाना (334), जहांगीरपुरी (341), रोहिणी (339), अशोक विहार (331), डीटीयू (331), मुंडका (326), वजीरपुर (325) और विवेक विहार (319) में देखने को मिली। इनके अलावा अलीपुर, आनंद विहार, चांदनी चौक, पंजाबी बाग और आरके पुरम जैसे प्रमुख इलाकों में भी अदक300 के आसपास रिकॉर्ड हुआ है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के सुबह सात बजे को आंकड़ों के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 309, आनंद विहार में एक्यूआई 302, अशोक विहार में 331, आया नगर में 242, बवाना में 334, बुराड़ी में 293, चांदनी चौक में 308, डीटीयू में 331, द्वारका सेक्टर 8 में 285, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 211, आईटीओ में 309, जहांगीरपुरी में 341।

# शर्मनाक : दुनिया में एक अरब महिलाएं बचपन में यौन हिंसा की शिकार, भारत में हर चौथी महिला ने झेली यौन प्रताड़ना

**एक चौंकाने वाली खबर में सामने आया है कि दुनिया में एक अरब महिलाएं बचपन में यौन हिंसा की शिकार हुई हैं। लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर चौथी महिला ने यौन प्रताड़ना झेली है।**



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में एक अरब से अधिक महिलाएं बचपन में यौन हिंसा का शिकार हुई हैं। लैंसेट ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि साल 2023 में यौन हिंसा झेलने वालों में 15 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग शामिल था। वहीं, 60.8 करोड़ महिलाएं भी अपने जीवन में कभी न कभी अनके पार्टनर ने ही प्रताड़ित किया।

रिपोर्ट के अनुसार सब-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया इन हिंसाओं का सबसे बड़ा केंद्र हैं, जहां हिंसा के साथ एचआईवी और अन्य बीमारियों का खतरा भी ज्यादा है। रिपोर्ट में इन मामलों में भारत की स्थिति को भी चिंताजनक बताया गया है। आंकड़ों के मुताबिक, 23 फीसदी महिलाओं ने पार्टनर हिंसा झेली, जबकि 30 फीसदी महिलाएं और 13 फीसदी पुरुष बचपन में यौन हिंसा का सामना कर चुके हैं। यह हिंसा सिर्फ सामाजिक या अपराध का मुद्दा नहीं, बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है।

**साल 2023 में दुनिया में पार्टनर की प्रताड़ना से 145,000 मौतें :** साल 2023 में दुनिया में पार्टनर की प्रताड़ना से 145,000 मौतें, जबकि बचपन की यौन हिंसा से जुड़े मामलों में 2.9 लाख मौतें दर्ज हुईं। मानसिक रोग, अवसाद, नशे की लत और आत्महत्या के खतरे इन हिंसाओं से गहरे जुड़े पाए गए। विशेषज्ञों ने कहा, कानूनी ढांचे मजबूत करने, जेंडर समानता और पीड़ितों के लिए सपोर्ट सिस्टम बढ़ाने की तत्काल जरूरत है।

**बल्कि स्वास्थ्य पर भी संकट :** विशेषज्ञों ने कहा कि यह मानवाधिकार नहीं, बल्कि स्वास्थ्य पर भी संकट है। टीम की प्रमुख डॉ. लुइसा फ्लोर ने कहा कि इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि घरेलू और यौन हिंसा को केवल सामाजिक या कानूनी मुद्दा मानना गलत है। यह बड़े पैमाने पर पब्लिक हेल्थ इमर्जेंसी है। जिसके समाधान के लिए मजबूत कानून, लिंग समानता और पीड़ितों के सपोर्ट सिस्टम को बढ़ाना जरूरी है।

**डब्ल्यूएचओ ने भी किया था जिक्र :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी नवंबर, 2023 की अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारत में 15झ49 वर्ष की हर पांचवीं महिला पार्टनर हिंसा का शिकार है। दुनियाभर में करीब 84 करोड़ महिलाएं अपने जीवन में कभी न कभी यौन हिंसा झेल चुकी हैं।

# राष्ट्रीय तिनका तिनका इंडिया पुरस्कार: जेल में भी खिली प्रतिभाएं, मानवाधिकार दिवस पर 18 कैदियों को मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** मानवाधिकार दिवस के मौके पर राष्ट्रीय तिनका तिनका इंडिया अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन किया गया। इसके तहत इस साल कुल 18 कैदियों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इनमें से 13 सजा काट रहे और पांच विचाराधीन कैदी हैं। इस साल की पेंटिंग कैटेगरी का विषय था 'जेल में संगीत'। इस कैटेगरी में 11 पुरुष और दो महिलाएं विजेता बनीं। पश्चिम बंगाल के तपस मंडल ने पहला पुरस्कार जीता। तपस 2008 से बहरामपुर केंद्रीय जेल में हैं और मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने अपनी पेंटिंग में भारत की संगीत विरासत को जीवंत चित्रों और शास्त्रीय इमेजरी के माध्यम से दिखाया।

**दूसरे पुरस्कार को दो कैदियों में बांटा गया :** वहीं बात दूसरे पुरस्कार की करें तो इस पुरस्कार को दो कैदियों में बांटा गया है, जिसमें पहला नाम रजनीकांत छितुभाई चौहान जो कि गुजतार के सूरत जेल में हैं। उन्होंने जेल में संगीत और रचनात्मकता की शक्ति को दशार्ने वाली पेंटिंग बनाई। वहीं दूसरा नाम छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जेल में बंद शेर सिंह का है, जिन्होंने जेल के भीतर कैदियों की पढ़ाई और संगीत की गतिविधियों को दिखाते हुए एक प्रेरक स्केच तैयार किया।



**रोहन पाई ने भी पेंटिंग से जीता पुरस्कार :** इसके साथ ही गोवा की जेल में बंद रोहन पाई धुंगट ने भी अपनी पेंटिंग से पुरस्कार जीता। उनके चित्र में जेल की कोठरी और पियानो जैसी फर्श की पटरियों के माध्यम से आजादी और कैद का अंतर दिखाया गया है। रोहन ने जेल में रहते हुए कई शैक्षणिक डिग्रियां हासिल की हैं।

**नौ कैदियों को मिला सांत्वना पुरस्कार :** बता दें कि इस साल नौ कैदियों को सांत्वना पुरस्कार मिला। इनमें गुजरात की जेल में बंद प्रजापति हार्दिक और डॉ. रोहित रमेशभाई लोनकर, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की जेल में बंद रेशमा और धर्मेंद्र, पश्चिम बंगाल की जेल में बंद शोवन सरकार, हरियाणा की जेल में बंद रोशनी, चंडीगढ़ की जेल में बंद डेविड, उत्तर प्रदेश की जेल में बंद कृष्ण कुमार और पश्चिम बंगाल की जेल में बंद अफताब आलम का नाम शामिल। इन सभी ने अपनी पेंटिंग में जेल में संगीत के सकारात्मक प्रभाव और आशा का संदेश दिखाया।

**चार कैदियों को मिला विशेष उल्लेख पुरस्कार :** वहीं इस अवसर पर चार कैदियों को 'विशेष उल्लेख' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने जेल में असाधारण काम किया। इनमें अंडमान की जेल में बंद बिटन दास, गुजरात की जेल में बंद तुकाराम भाई वसावा, मध्य प्रदेश की जेल में बंद आराम और उत्तराखंड की जेल में बंद मोहन सिंह दानु का नाम शामिल है।

**किसे मिला तिनका-तिनका बंदिनी पुरस्कार? :** वहीं इस साल तिनका तिनका बंदिनी पुरस्कार 38 साल की पानबाई (जबलपुर, मध्य प्रदेश) को मिला। पानबाई महिला कैदियों और उनके बच्चों की देखभाल में सक्रिय रही हैं।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...









## गाजियाबाद में आयकर विभाग का संवाद सत्र, उद्योग जगत की मजबूत भागीदारी

# करदाताओं की सेवाओं में सुधार पर सहमति बनी









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाज़ियाबाद (यूनिवर्सिटी कैंपस) में गुरुवार को आयकर विभाग, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) एवं उत्तराखंड द्वारा फेडरेशन ऑफ ऑल टैक्स बार एसोसिएशन गाज़ियाबाद के सहयोग से करदाताओं के लिए विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उद्योग जगत, व्यापारिक संगठनों तथा चिकित्सकीय समुदाय की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिसमें करदाताओं की समस्याओं, समाधान और विभाग की नई सेवाओं पर गहन चर्चा हुई। संवाद सत्र का उद्देश्य करदाताओं के अनुपालन को बढ़ाना और सेवाओं को अधिक सुगम बनाना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण रहीं। उनके साथ मुख्य आयकर आयुक्त देवेन्द्र कुमार गुप्ता, प्रधान आयकर आयुक्त दीपिका मित्तल तथा ओएसडी प्रशासन शिवदान सिंह भदौरिया उपस्थित थे। विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी–अपर आयकर आयुक्त संजय चौरसिया, वेद प्रकाश, अमरजोत, कविता मीना, नवाब सिंह तथा उप आयकर आयुक्त अरुण कुमार, आशीष शुक्ला और प्रमोद रावत–भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सत्र में एफओएटीबीए के चेयरमैन सुनील गोयल, संयोजक डी.के. गोयल, स्टील एंड ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा यूपीटीआईएफ महासचिव डॉ. अतुल जैन, सिविल डिफेन्स के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के महासचिव संजीव सचदेव, समरकूल ग्रुप एवं यूपीटीआईएफ के राज्य अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, आईएमएस गाज़ियाबाद के मैनेजिंग ट्रस्टी सीए (डॉ.) राकेश छारिया, आईएमए वेस्ट गाज़ियाबाद के अध्यक्ष डॉ. पी.एन. चौधरी तथा सचिव डॉ. राहुल गुप्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही टैक्स प्रोफेशनल अशोक गांधी, आर.के. गोयल, रवि कुमार, मधुसूदन तथा चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. विपिन त्यागी, दिव्या अस्पताल के सत्यवीर, सूर्योदय अस्पताल के अशोक मालिक और सामाजिक क्षेत्र से मनीष तिवारी व देवेन्द्र हितकारी ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

संवाद सत्र में 'आयकर अधिनियम के अंतर्गत अनुपालन एवं करदाता सेवाएँ' मुख्य विषय रहा। इसमें कर कटौती (टीडीएस), व्यापारिक समस्याएँ, अग्रिम कर और डिजिटल सेवाओं के उपयोग पर विशेष चर्चा हुई। करदाताओं ने प्रत्यक्ष प्रश्न पूछे और विभागीय अधिकारियों ने विस्तृत समाधान प्रस्तुत किए। विभाग की ओर से बताया गया कि करदाता-अनुकूल वातावरण, पारदर्शिता और सरल प्रक्रियाएँ उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।

दिवसीय सत्र में उद्योग जगत की ओर से संजीव गुप्ता, ललित जायसवाल, डॉ. अतुल जैन और राकेश छारिया जैसी प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावी बनाया, जिनके सुझावों पर विभागीय अधिकारियों ने सकारात्मक सहमति जताई और आगे भी इस संवाद को जारी रखने का भरोसा दिया।

### कार्यक्रम में चार उद्योग प्रतिनिधि क्यों रहे केंद्र में?

**संजीव कुमार गुप्ता**
**समरकूल ग्रुप**



औद्योगिक ढांचे की समझ और कर प्रणाली से जुड़े सुधारों पर स्पष्ट दृष्टिकोण। विभाग द्वारा सम्मानित किए जाने के कारण सत्र के मुख्य व्यक्तित्व रहे।

**ललित जायसवाल**
**सिविल डिफेन्स**



औद्योगिक सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका। संवाद में सुरक्षा–अनुपालन की दिशा में उनके सुझावों को गंभीरता से सुना गया।

**डॉ. अतुल जैन**
**स्टील एंड ट्रेड एसोसिएशन**



व्यापारिक नीतियों और कर सुधारों के जानकार। उद्योग जगत के व्यावहारिक अनुभव को विभाग के सामने प्रभावी ढंग से रखा।

**डॉ. राकेश छारिया**
**आईएमएस गाज़ियाबाद**



शिक्षा और उद्योग के बीच महत्त्वपूर्ण सेतु। करदाता–अनुकूल डिजिटल व्यवस्था पर उनके विचारों को विशेष सराहना मिली।

## आ गया है लौह पुरुष की जयंती में पहलवान के परिवर्तन का ट्विस्ट कर लिया है उन्होंने पुण्यतिथि वाले कार्यक्रम को कविनगर में शिफ्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कभी शब्दों का ट्विस्ट होता है कभी घटनाओं का। सियासत वाले हर मूवमेंट को समझते हैं और चर्चा भी होती है। तीन दिन पहले चर्चा कैडर को लेकर थी, तीन दिन पहले चर्चा कैटेगिरी को लेकर थी और अब चर्चा उस कार्यक्रम को लेकर शुरू हो गयी है जिसमें प्रोग्राम स्थल के परिवर्तन का ट्विस्ट है। अब चर्चा यही है कि आखिर पहलवान का ये कदम किस बात का पैगाम है। दरअसल पहलवान के दोस्त अब शहर विधानसभा से विधायक हैं। लेकिन कहानी में मोड़ तब आ गया जब पहलवान की एनजीओ कही जाने वाले सामाजिक संस्था का कार्यक्रम नदियापार से उठकर इस पार आ गया। पहलवान ने कार्यक्रम क्यों शिफ्ट किया है यही बात स्टोरी का ट्विस्ट है। वो समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के बैनर पर ये कार्यक्रम हो रहा है। वह संस्था संजीव शर्मा और पप्पू पहलवान की संस्था मानी जाती है। अब तो कार्यक्रम कविनगर में आया है लेकिन जनरली कभी इसी संस्था के बैनर पर घंटाघर रामलीला मैदान में भी कार्यक्रम हुआ था। नदियापार की धरती तो इस बात की गवाह है कि अगरये संस्था खेल कूल का कार्यक्रम करायेगी तो यहीं होगा। कवि सम्मेलन होगा तो यहीं होगा । रक्तदान का कार्यक्रम होगा तो यहीं होगा। रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम भी यहीं होगा। लेकिन कैटेगिरी घमासान के बाद ये कार्यक्रम अब कविनगर रामलीला मैदान में आ गया है। जहां ये कार्यक्रम होना है वो मुरादनगर विधानसभा है। लौहपुरूष सरदार पटेल की 75 वीं पुण्यतिथि पर समाधान शक्ति सामाजिक संस्था विचार गोष्ठी का आयोजन करा रही है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि साहिबाबाद में भी सभागार हैं और आईटीएस से लेकर वसुन्धरा तक कई क्षेत्र हैं लेकिन कविनगर के मैदान में जानकी सभागार में ये कार्यक्रम हो रहा है। कुछ तो संदेश है। कार्यक्रम विचार गोष्ठी का है और विचार गोष्ठी रविवार 14 दिसम्बर को होगी। जानकी सभागार में ये कार्यक्रम शाम 4.30 से शुरू होगा।



### शहर विधायक से लेकर सांसद को मिली है जगह

करंट क्राइम। कार्यक्रम में किसको कितनी तवज्जो मिलनी है ये बात कई बार पोस्टर के फोटो बता देते हैं। इस कार्यक्रम का पोस्टर भी बता रहा है कि विचार गोष्ठी भले ही समाधान शक्ति सामाजिक संस्था की हो लेकिन फोटो तो शहर विधानसभा वालों का आयेगा। पोस्टर में सबसे बड़ा फोटो पप्पू पहलवान का है और वो संस्था के कोई संरक्षक नहीं हैं बल्कि महानगर महामंत्री हैं। साईज की बात करें तो उनके बाद दूसरा फोटो संजीव शर्मा का है, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी हैं। संस्था के अध्यक्ष का भी फोटो है और फिर बाकी फोटो एक सिरे से उपर लगे हैं। अब ये पता नहीं चल रहा कि संस्था राजनीतिक हो गयी है या राजनीति में संस्था खो गयी है। बहरहाल इस पोस्टर में उन विधायक का फोटो बड़ा नहीं है जिनकी विधानसभा में ये कार्यक्रम हो रहा है।

## यह दिल मांगे मोर, पूरा परिवार ही निकला चोर
## सिहानी गेट थाना पुलिस ने खोली लाखों की चोरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिहानी गेट थाना पुलिस ने 17 नवंबर को अशोक नगर में एक कारोबारी के घर हुई लाखों रुपए की सनसनीखजे चोरी के मामले का खुलासा किया है। खास बात यह है कि इस मामले में पुलिस ने जिन चार शातिर चोरों को पकड़ा है, वह पूरा ही चोरों का परिवार है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने प्रेसवार्ता कर लाखों रुपए की इस चोरी की घटना के खुलासे की जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि इंस्पेक्टर सिहानी गेट कुलदीप दीक्षित, इंस्पेक्टर क्राइम प्रताप बालियान और थाने की एसओजी टीम द्वारा 100 से अधिक कैमरे, बदमाशों के बारे में इनपुट, जुटाकर इस घटना का खुलासा किया गया है। खास बात यह है कि जो चोर गिरफ्तार हैं वह पूरा परिवार है। इसमें मुख्य आरोपी इंद्रपाल है, साथ ही उसके पुत्र शिवम- विशाल और पत्नी माला देवी को पुलिस ने चोरी के बरामद माल के साथ दबोचा है। यह सभी रामपुर के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि यह पूरा परिवार पेशेवर घरफोड़ चोरी गैंग है। जिस पर अब तक अलग-अलग जिलों में 19 मुकदमे दर्ज हैं, यह गिरोह पहले भी जेल जा चुका है।

### डीसीपी सिटी ने दिया 25 हजार का इनाम

#### लाखों का सोना-कैश और चांदी के साथ एंटीक सामान भी बरामद



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में पुलिस ने लगभग शतप्रतिशत माल की बरामदगी की है। लाखों रुपए बरामद किया गया है। तो कीमती सोने और चांदी के आभूषण ,नगदी, 3 एंड्राइड फोन ,आधार कार्ड और एक्सिस बैंक की वह पासबुक भी जिसमें माला देवी के खाते में पांच लाख रूपये जमा कराए गए थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने पांच लाख इसलिए जमा कराए थे ताकि यह बाद में अपनी जमानत करवा सकें। पुलिस ने इनसे एंटीक सामान भी बरामद किया है, साथ ही गला हुआ सोना भी मिला है।

#### थाना प्रभारी के चार्ज लेते ही हुई थी चोरी, पुलिस ने खोली पूरी थ्योरी

करंट क्राइम : इस मामले में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने जानकारी दी है की वारदात 17 नवंबर की और 14 नवंबर को थाना प्रभारी कुलदीप दीक्षित ने चार्ज संभाला था। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और इनपुट के आधार पर बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाई। फिर पुलिस ने रामपुर के कई इलाकों में दबिश दी और इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर माल बरामद किया गया है। सिहानी गेट थाना पुलिस ने चोरी को चैलेंज के रूप में लिया और डीसीपी सिटी ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रूपये के नकद ईनाम की घोषणा की।

## ये तीन दोस्त हर साल कुछ इस तरह फर्ज निभाते हैं दोस्त की पुण्यतिथि पर ये जरूर आते हैं







### पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, प्रवीन त्यागी और रविन्द्र त्यागी जैसे जिंदादिल दोस्त ये संदेश दे रहे हैं कि रिश्तों की डोर कभी नहीं तोड़ी जाती है। जिससे दोस्ती कर लो तो फिर वो कभी नहीं छोड़ी जाती है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दोस्ती का रिश्ता हर रिश्ते से बड़ा होता है। मगर आज के युग में ये देखा जाता है कि सांसों का सफर खत्म होते ही दोस्ती का सफर भी खत्म हो जाता है। फिर लोग याद नहीं रखते हैं और समय बीतता जाता है। लेकिन दोस्ती के रिश्ते को किस तरह से निभाया जाता है ये बात जमाने को इन तीन दोस्तों ने सिखाई है। इन दोस्तों के नाम पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, वीवीआईपी बिल्डर्स के मालिक प्रवीन त्यागी और बिल्डर एसोसिएश्न के अध्यक्ष तथा प्रतिष्ठित बिल्डर रविन्द्र त्यागी हैं। 17 वर्ष पहले इनके अभिन्न दोस्त प्रदीप त्यागी पिंटू को काल के क्रूर हाथों ने छीन लिया था। हर वर्ष स्वर्गीय पिंटू त्यागी की पुण्यतिथि पर उनके पुत्र कुनाल त्यागी श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखते हैं और मानवता का संदेश देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। यहां पर यूं तो राजनीति से जुड़े कई लोग आते हैं, समाज केगणमान्य लोग आते हैं, लेकिन यहां जो तीन चेहरे विशेष रूप से हर साल और हर हाल में आते हैं उन चेहरों में पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, वीवीआईपी के एमडी प्रवीन त्यागी और बिल्डर एसोसिएशन के चेयरमैन रविन्द्र त्यागी है। दोस्ती का फर्ज क्या होता है और उसे कैसे निभाया जाता है ये तीनों दोस्त उस दोस्त का संदेश देते हैं। हर वर्ष अपने दोस्त की पुण्य तिथि पर आना और श्रद्धा के सुमन अर्पित करना ये बताता है कि रिश्ते की अहमियत क्या है। दोस्ती क्या होती है और दोस्ती का रिश्ता कैसे निभाया जाता है ये एक बार फिर दिखाई दिया। जब आरडीसी में स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू के आवास के बाहर बने शहीद प्रदीप त्यागी पार्क में उनकी पुण्यतिथि में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ तो ये तीनों दोस्त यहां पहुंचे। ये बात इसलिए भी बड़ी है कि अगर प्रोफाईल के हिसाब से देखें तो तीनों ही दोस्तों का अपना कद है। ये अपने अपने क्षेत्र में एक सफल व्यवसायी हैं। कंपनियों के मालिक हैं और जीवन शैली एकदम व्यस्त है। लेकिन तमाम व्यवस्थाओं के बावजूद ये तीनों दोस्त कभी नहीं भूलते कि आज उनके दोस्त की पुण्यतिथि है। ये एक मिसाल है और उन लोगों के सामने भी एक बड़ा सवाल है जो कई बार अपने मित्रों के दुनिया से गुजर जाने के बाद उनके घर के रहगुजर भी छोड़ देते हैं। दोस्त के निधन होने के बाद उसक परिजनों से सम्पर्क तोड़ लेते हैं। मगर शायद पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, प्रवीन त्यागी और रविन्द्र त्यागी जैसे लोग ये संदेश दे रहे हैं कि रिश्तों की डोर कभी नहीं तोड़ी जाती है। जिससे दोस्ती कर लो तो फिर वो कभी नहीं छोड़ी जाती है। इन व्यक्तित्व को देखकर ये समझा जा सकता है कि अच्छा दोस्त वही होता है जो शानदार इंसान होता है। अच्छा दोस्त वही बन सकता है जो अपनी जुबान का पक्का और वादे का सच्चा होता है। रिश्तों के सम्मान की इससे बड़ी मिसाल कोई और नहीं हो सकती है।

### जब पिता का उठ गया साया तो दोस्तों ने उनके पुत्र को गले से लगाया

करंट क्राइम। संबंधों का अहसास ये लोग कराते हैं। जब कुनाल त्यागी के पिता प्रदीप त्यागी पिंटू का निधन हुआ तो वह बहुत छोटे थे। समृद्ध परिवार शुरू से था लेकिन अचानक पिता का साया सिर से उठ गया। ऐसे में रिश्तों की मिसाल बनकर ये तीनों दोस्त आगे आ गये। पिता का साया सिर से उठा तो कुनाल को इन तीन दोस्तों ने हमेशा अपनेपन का अहसास कराया। हर डगर पर अपने दोस्त के पुत्र के साथ खड़े नजर आए। मित्रता का फर्ज निभाया और दोस्त जब दुनिया में नहीं रहा तो दोस्त उसके पुत्र के लिए सामने आ गये। मिसाल बने और प्यार दिया, अपने अनुभवों से कारोबार की समझ दी और लगातार साथ खड़े रहे हैं। ये तीन दोस्तों की महानता है कि बेटे की तरह सिर पर हाथ रखा और ढाल बनकर खड़े हो गये। जमाने को दिखाया कि दोस्ती ऐसे निभायी जाती है। अगर किसी को हमने अपना कह दिया तो फिर वो अपना है। ना हम कभी अपने दोस्त को भूलेंगे और ना कभी हम अपने फर्ज से पीछे हटेंगे।

### कुनाल त्यागी ने निभाया है एक पुत्र का फर्ज कुछ इस तरह से



करंट क्राइम। कुनाल त्यागी की आयु ज्यादा नहीं थी जब अचानक उनके पिता दुनिया को छोड़ गये। कुनाल त्यागी ने एक पुत्र होने का फर्ज निभाया। उन्होंने अपने पिता के संस्कारों को खुद के भीतर आत्मसात किया है। पिता की मिलनसारिता, लोगों के काम आने का जज्बा और संस्कार सीखे हैं। एक पुत्र के रूप में ये बड़ी बात है कि 17 वर्षों से लगातार कुनाल त्यागी अपने पिता की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन करते हैं। एक पिता के प्रति ये उनका श्रद्धा भाव है कि 11 दिसम्बर की तारीख को ठीक 11 बजे ये रक्तदान शिविर शुरू होता है। एक बेटा हमेशा याद रखता है कि इस तारीख को घड़ी को इसी समय पर उनके पिता ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। एक पत्र के रूप में कुनाल त्यागी अपना फर्ज बेहतरनिभाते हैं। अपने पिता को याद करते हैं और उनकी स्मृति को जिंदा रखते हैं। एक परम्परा को कायम रखते हैं और आज के युवाओं के सामने एक बड़ा उदाहरण है कि पुत्र के लिए पिता कभी नहीं मरते। पिता हमेशा पुत्र की रगों में संस्कार बनकर बहते हैं। पिता से ही पुत्र की पहचान होती है और पिता ही प्रेरणा स्त्रोत हैं। कुनाल त्यागी ने वास्तव में ये दिखाया है कि पिता की स्मृति को किस तरह से जिंदा रखा जाता है। लगातार 17 सालों से कार्यक्रम कराते हैं। कोई साल ऐसा नहीं है जब कुनाल त्यागी को वो याद ना आते हों। रक्तदान शिविर लगाते हैं और एक संदेश समाज को देते हैं। एक पुत्र के संस्कार कैसे होने चाहिए वो इसकी मिसाल बनते हैं।

## संपादकीय

# घटती सहायता, बढ़ता संकट

इस सदी के ढाई दशक में बाल मृत्यु दर घटने को दुनिया की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया गया था, लेकिन अब इस सदी में पहली बार बाल मृत्यु दर में वृद्धि की आशंका जतायी जा रही है। गेट्स फाउंडेशन की रिपोर्ट बताती है दुनिया भले ही अमीर हो गई है लेकिन गरीब देशों के बच्चों पर होने वाला खर्च घटा दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, धनी देशों द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य खर्च पर 27 फीसदी की कटौती की गई है। जिससे इस वर्ष दो लाख अतिरिक्त बच्चों की मौत की आशंका जतायी जा रही है। दरअसल, ये मौतें उन बीमारियों से हो सकती हैं, जिन्हें अमीर देशों से मिलने वाली मदद से होने वाले टीकाकरण और बुनियादी इलाज से टाला जा सकता था। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चिंतित हैं कि जिस समय दुनिया में संपत्ति सबसे तेजी से बढ़ रही है, उस समय गरीब देशों के बच्चों पर स्वास्थ्य खर्च का घट जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। आशंका जतायी जा रही है कि यदि स्वास्थ्य सहायता में तीस प्रतिशत की कटौती हो जाती है तो वर्ष 2045 तक 1.6 करोड़ अतिरिक्त बच्चों की मौत हो सकती है। विडंबना देखिए कि इस आसन्न संकट को नजरअंदाज करके विकसित देश अपने रक्षा व आंतरिक खर्च को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। जबकि अमीर देशों द्वारा गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य के लिये दिया जाने वाला पैसा उनके बजट के एक फीसदी से भी कम है। गेट्स फाउंडेशन का विश्व के अमीर देशों से आग्रह है कि वे दुर्लभ संसाधनों को उन स्थानों पर लक्षित करें, जहां वे सबसे अधिक जीवन बचा सकते हैं। दरअसल, संकट में वे बच्चे हैं, जो अपना पांचवां जन्मदिन मनाने से पहले ही मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। इस संकट बढ़ने से दशकों से हासिल वैश्विक प्रगति बेकार हो जाएगी। निस्संदेह, दुनिया में कहीं भी पैदा हुए बच्चे को जीवित रहने और फलने-फूलने का अवसर मिलना चाहिए। दरअसल, गेट्स फाउंडेशन की गोलकीपर्स रिपोर्ट और वाशिंगटन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन ने बताया कि 2024 में, 4.6 मिलियन बच्चों की पांचवें जन्मदिन से पहले मौत हो गई थी। आशंका है कि आर्थिक मदद में कटौती से इस वर्ष इस संख्या में दो लाख की वृद्धि से इसके बढ़कर 4.8 मिलियन बच्चों तक पहुंचने की आशंका है। जिसकी मूल वजह स्वास्थ्य के लिये वैश्विक मदद में आई बड़ी गिरावट है। इस वर्ष सहायता निधि में भारी कटौती के अलावा गरीब देशों के बढ़ते कर्ज, कमजोर स्वास्थ्य सिस्टम के चलते मलेरिया, एचआईवी और पोलियो जैसी बीमारियों के विरुद्ध हासिल उपलब्धियों को खोने का जोखिम बढ़ सकता है। हालिया रिपोर्ट बताती है कैसे प्रमाणित समाधानों और अगली पीढ़ी के नवाचारों में लक्षित निवेश से सीमित बजट में लाखों बच्चों का जीवन बचाया जा सकता है। निस्संदेह, गरीब मुल्कों के ये बच्चे सुरक्षित जीवन पाने के हकदार हैं। गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष बिल गेट्स कहते हैं विश्व में गरीब मुल्कों के बच्चों के स्वास्थ्य रक्षा के लिये वित्तीय संसाधन बढ़ाने व वर्तमान सिस्टम में सुधार हेतु दक्षता बढ़ाने की जरूरत है। हमें कम संसाधनों में अधिक काम करना होगा।

# अमेरिकी फेड ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर घटाई 2026 में भारत का रेपो रेट स्थिर रहने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने लगातार तीसरी बार ब्याज दर घटाई, जबकि 2025 में कुल 75 आधार अंकों की कटौती हो चुकी है। कमजोर श्रम बाजार और शटडाउन के कारण आर्थिक डेटा की कमी इस फैसले की बड़ी वजह है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दिपानविता मजूमदार के अनुसार, भारत का रेपो रेट 2026 में 5% पर स्थिर रह सकता है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने वर्ष के अंत में अपनी तीसरी लगातार ब्याज दर कटौती की घोषणा की है। फेड ने फेडरल फंड्स रेट को घटाकर 3.50% से 3.75% की सीमा में ला दिया है। वर्ष 2025 में कुल मिलाकर 75 आधार अंकों की कटौती की जा चुकी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब अमेरिकी श्रम बाजार के संकेतक लगातार कमजोर बने हुए हैं और सरकार के शटडाउन के कारण नई आर्थिक सूचनाओं का प्रवाह बाधित हो गया है।

### रुपये में अस्थिरता ने निवेश के प्रवाह पर डाला असर

उन्होंने कहा कि हालांकि, रुपये की अस्थिरता ने हाल के समय में निवेश प्रवाह को प्रभावित किया है। आगे चलकर, हम उम्मीद करते हैं कि भारत और अमेरिका के बीच नीतिगत दर का अंतर मौजूदा स्तर पर बना रहेगा। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि निकट भविष्य में भारत और अमेरिका के बीच उच्च उपज अंतर से विदेशी निवेश (एफपीआई) प्रवाह को समर्थन मिलेगा और इससे मुद्रा को कुछ हद तक मजबूती मिलने की उम्मीद है। घरेलू खाद्य कीमतों पर नियंत्रण होने के कारण मुद्रास्फीति का अंतर भी भारत के पक्ष में झुका रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पिछले सप्ताह रेपो दर को पहले के 5.50% से घटाकर 5.25% कर दिया। नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) 3% पर अपरिवर्तित है, और स्थायी सुविधा दर को 5.25% से घटाकर 5% कर दिया गया है।

### आरबीआई 2026 में ब्याज दर रखेगा स्थिर

बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री दिपानविता मजूमदार ने कहा है कि मौजूदा वैश्विक रुझानों और घरेलू स्थिति को देखते हुए भारत का रेपो रेट कैलेंडर वर्ष 2026 में 5% के स्तर पर स्थिर रहने की संभावना है।

### भारत और अमेरिका के बीच नीतिगत दरों में अंतर है नियंत्रित

फेड की यह नीति वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों पर महत्वपूर्ण असर डालेगी, और उभरती अर्थव्यवस्थाओं को अपने मौद्रिक फैसलों में इससे जुड़े बदलावों को ध्यान में रखना होगा। मजूमदार ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच नीतिगत दरों में अंतर काफी हद तक नियंत्रित रहा है। इसका कारण अमेरिका की तुलना में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में अधिक तेजी से की गई कटौती है। ब्याज उपज में अंतर ने भी नीतिगत दरों में अंतर के समान ही रुझान दिखाया है। इससे शुरूआती महीनों में विदेशी निवेशकों (एफपीआई) के प्रवाह को समर्थन मिला।

# एआई की बढ़ती मांग से TSMC का राजस्व 24.5% उछला, नवंबर में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में एआई तकनीक की तेजी से बढ़ती मांग का सीधा असर अब सेमीकंडक्टर कंपनियों के राजस्व पर दिखने लगा है। ताइवान की चिप निमार्ता कंपनी टीएसएमसी का नवंबर 2025 का राजस्व पिछले वर्ष की तुलना में 24.5% बढ़कर 343.61 अरब न्यू ताइवान डॉलर हो गया।



दुनिया में एआई की बढ़ती मांग का असर अब इन्हें बनाने वाली कंपनियों पर दिखने लगा है। ताइवान की सेमीकंडक्टर बनाने वाली कंपनी टीएसएमसी का राजस्व नवंबर में पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। माना जा रहा है कि यह वृद्धि एआई चिप्स की मजबूत वैश्विक मांग के कारण हुई है। हालांकि मासिक आधार पर राजस्व की बात करें तो यह अक्तूबर की तुलना में कम रहा।

### कंपनी ने 343.61 अरब का शुद्ध लाभ दर्ज किया

कंपनी के आधिकारिक बयान के अनुसार, नवंबर 2025 के लिए उसका समेकित शुद्ध राजस्व 343.61 अरब न्यू ताइवान डॉलर (एनटीडी) रहा। यह लगभग 10.99 अरब डॉलर (1 एनटीडी = 0.032 डॉलर) के बराबर है। कंपनी ने बयान में कहा कि समेकित आधार पर, नवंबर 2025 का राजस्व लगभग 343.61 अरब एनटीडी था। यह अक्तूबर 2025 से 6.5 प्रतिशत कम और नवंबर 2024 से 24.5 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह नवंबर 2024 में दर्ज किए गए 276.06 अरब एनटीडी (8.83 अरब अमेरिकी डॉलर) से 24.5 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। हालांकि, मासिक आधार पर, राजस्व अक्तूबर 2025 में दर्ज किए गए एनटीडी 367.47 अरब (11.76 अरब डॉलर) से 6.5 प्रतिशत कम रहा। यह पिछले महीनों में मजबूत वृद्धि के बाद अल्पकालिक मांग में नरमी को दशार्ता है। 2025 के पहले ग्यारह महीनों में, दुनिया की सबसे बड़ी कॉन्ट्रैक्ट चिप निमार्ता कंपनी ने कुल एनटीडी 3,474.05 अरब का राजस्व अर्जित किया, जो 111.17 अरब डॉलर के बराबर है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में दर्ज किए गए एनटीडी 2,616.14 अरब (83.72 अरब डॉलर) की तुलना में 32.8 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है।

# तीन दिन की गिरावट खत्म

## सेंसेक्स 426 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,898 पर बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 426.86 अंक उछलकर 84,818.13 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.55 अंक की बढ़त के साथ 25,898.55 पर बंद हुआ।



अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में कटौती के बाद गुरुवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तीन दिन की गिरावट का सिलसिला टूट गया और उनमें उछाल आया। शुरूआती गिरावट से उबरते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 426.86 अंक या 0.51 प्रतिशत चढ़कर 84,818.13 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसने 84,906.93 का उच्च स्तर और 84,150.19 का निम्न स्तर छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.55 अंक या 0.55 प्रतिशत बढ़कर 25,898.55 पर बंद हुआ। शुरूआती उतार-चढ़ाव के बाद, निफ्टी धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा और अधिकांश क्षेत्रों में तेजी के चलते दिन के उच्चतम स्तर 25,922.80 के करीब बंद हुआ।

### रुपये अपने निम्न स्तर पर बंद हुआ

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 39 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 90.33 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, इटरनल, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी इंडिया, सन फार्मास्यूटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, इंफोसिस, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचसीएल टेक्नोलॉजीज लाभ कमाने वाले शेयर थे। वहीं, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन पिछड़ने वालों में शामिल थे।

### क्या है विशेषज्ञों की राय?

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच फेडरल रिजर्व द्वारा अपेक्षित 25-बीपीएस ब्याज दर में कटौती के बाद घरेलू बाजारों में व्यापक रूप से सुधार देखने को मिला।

# मार्च 2026 ट्रेड डील संकेतों से रुपया टूटकर 90.48 के सर्वकालिक निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मार्च 2026 तक होने की खबरों के सामने आने के बाद गुरुवार को अंतर-दिवसीय कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 90.48 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की ओर से कथित तौर पर यह कहे जाने के बाद कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर मार्च तक हस्ताक्षर होने की संभावना है, रुपया गिरकर 90.48 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया।

इसके अलावा, बाजार में व्याप्त जोखिम से बचने की भावना, आयातकों से अमेरिकी डॉलर की मजबूत मांग के कारण, निवेशकों की भावना को भी प्रभावित कर रही थी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.95 पर खुला, फिर कमजोर हुआ और रिकॉर्ड आंतरिक-दिन के निचले स्तर 90.48 पर आ गया। इसमें पिछले बंद भाव की तुलना में इसमें 54 पैसे की गिरावट आई। बुधवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 89.87 पर स्थिर था। जानकारों के



अनुसार सीईए की ओर से मार्च तक व्यापार समझौते की संभावना जताए जाने के बाद रुपया गिरकर 90.4825 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। साथ ही, मेक्सिको ने कहा कि वह भारत सहित एशियाई देशों से आने वाले सामानों पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, अमेरिका और जापान की दीर्घकालिक ब्याज दरें भी बढ़ी हैं और इससे रुपये को कोई मदद नहीं मिल रही है। इस बीच, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूटीआर) जैमीसन ग्रीर ने कहा है कि दोनों देशों के बीच यहां शुरू हुई दो दिवसीय वार्ता के बीच अमेरिका को प्रस्तावित व्यापार समझौते पर भारत से अब तक के 'सर्वश्रेष्ठ' प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मंगलवार को वाशिंगटन में सीनेट विनियोग उपसमिति की सुनवाई में बोलते हुए, ग्रीर ने कहा कि भारत में कुछ पंक्तिबद्ध फसलों और अन्य मांस उत्पादों के प्रति प्रतिरोध है। अमेरिका में पंक्तिबद्ध फसलों में मक्का, सोयाबीन, गेहूं और कपास शामिल हैं। ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच, डॉलर सूचकांक (छह मुद्राओं के बास्केट के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापने वाला सूचकांक) फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती के बाद 0.17 प्रतिशत गिरकर 98.61 पर कारोबार करता दिखा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.17 प्रतिशत गिरकर 61.48 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की बात करें तो, 30 शेयरों वाला बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स 443.66 अंक बढ़कर 84,834.93 पर कारोबार कर रहा था।

## रोचक तथ्यों का करंट



- हर सेकंड 100 से अधिक बार आसमानी बिजली गिरती है।
- हमारे हर रोज करीब 200 बाल झड़ते हैं।
- एक गिलहरी की उम्र, 9 साल होती है।
- लगातार किसी व्यक्ति का 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।
- कुछ कीड़े भोजन न मिलने पर खुद को ही खा जाते हैं।
- शहद हजारों सालों तक खराब नहीं होता है।
- छीकते वक्त दिल की धड़कन 1 मिली सेकंड के लिए रुक जाती है।
- कंगारू कभी भी उल्टा नहीं चल सकते हैं।
- हमारा बयां पैर हमारे दाएं पैर से बड़ा होता है।
- गिलहरी का एक दांत हमेशा बढ़ता रहता है।
- एक कॉकरोच सिर काटने के बाद भी कई दिनों तक जीवित रह सकता है।
- आपको यह जानकर हैरानी होगी की लाइटर का आविष्कार माचिस से पहले हुआ था।
- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।

## राशिफल

**मेष:** जमीन-जायदाद में अतिरिक्त धन का निवेश हो सकता है। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अपने भाई की मदद लें।

**वृष:** आज दिन अनुकूल रहेगा। समय से गृहकार्य पूरा कर लेंगे। परिवार के लोगों के साथ समय बिताना फायदेमंद रहेगा। नई चीजों को जानने के लिए उत्सुक रहेंगे।

**मिथुन:** आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापार उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। बोलने का तरीका बदलें और गुस्से पर भी काबू रखें।

**कर्क:** अचानक पैसा आपके पास अएगा, जो आपके खर्चों और बिल आदि को सम्हाल लेगा। ज़िद्दी व्यवहार न करें- इससे दूसरों को ठेस लग सकती है।

**सिंह:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में अचानक काम का दबाव बढ़ सकता है। काम पूरा करने के लिए आपको पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा।

**कन्या:** आज शत्रु पर विजय पाने में सफल रहेंगे। कन्या राशि वाले आज अगर शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो उसमें आपको अच्छा मुनाफा मिलने की संभावना है।

**तुला:** अपनी ऊर्जा व्यक्तित्व-विकास के कार्यों में लगाएं, ताकि आप और भी बेहतर बन सकें। समूहों में शामिल होना दिलचस्प लेकिन महंगा हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज किसी बड़े काम में सफलता मिल सकती है। कॉस्मेटिक का कारोबार करने वाले इस राशि के लोगों को आर्थिक लाभ हो सकता है।

**धनु:** आज व्यापार में धन लाभ होगा। सितारा बुलंदी पर रहेगा। आने वाले अवसरों का लाभ अवश्य उठाएं। आप अपने रिश्तों के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहेंगे।

**मकर:** दिन के दूसरे भाग में आर्थिक लाभ होगा। नया पारिवारिक व्यवसाय शुरू करने के लिए शुभ दिन है। इसे सफल बनाने के लिए अन्य सदस्यों की भी मदद लें।

**कुंभ:** दिन अनुकूल रहेगा। आप खुद को किसी रचनात्मक काम में लगाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष काफी मजबूत रहेगा। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

**मीन:** आज सुबह कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। कार्य क्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## चुटकुले

टिंकू- भाई तुझे जीवन में क्या चाहिए?
मंटू- ढेर सारा पैसा।
टिंकू- पैसे को साइड में रख दे, अब बता।
मंटू- साइड में रखा हुआ पैसा।

---

पत्नी ने अपने पति को फोन लगाया पत्नी- कहां हो ? ऑफिस पहुंच गए क्या? पति- अरे मेरा कार से एक्सीडेंट हो गया है
मेरी टांग टूट गई है अस्पताल जा रहा हूं
पत्नी- अच्छा ठीक है, जाओ टिफिन का ध्यान रखना टेड़ा ना हो जाए नहीं तो दाल गिर जाएगी!

---

पुलिस- तुमने एक ही दिन में दो बार चोरी क्यों की?
चोर- चोरी तो एक ही दिन की, दूसरे दिन तो सूट के कपड़े का कलर बदलने गया था।

# 12 12 2025 करंट क्राइम

## आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'मैं मीठी बातें नहीं करता, खेल ही मेरी असली पहचान': हार्दिक पांड्या

**कटक।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में दमदार वापसी करते हुए साबित कर दिया कि चोटें उनके जज्बे को कम नहीं कर सकतीं। लगभग दो महीने तक लेफ्ट क्वाड्रिसेप्स इंजरी से जूझने के बाद पांड्या ने न सिर्फ बल्ले से 28 गेंदों में नाबाद 59 रन ठोके, बल्कि गेंद से भी 1/16 लेकर भारत की 101 रन की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




**'मेरा लक्ष्य था मजबूत और बेहतर होकर लौटना'**

बीसीसीआई द्वारा जारी एक वीडियो में हार्दिक पांड्या ने अपनी भावनाओं को खुलकर साझा किया। उन्होंने कहा कि चोटों ने उनकी मानसिक मजबूती की परीक्षा ली, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। पांड्या ने कहा, 'मेरा माइंडसेट सिर्फ एक था...मजबूत होकर लौटना, कुछ बड़ा करके होकर लौटना और बेहतर होकर लौटना। चोटें आपको मानसिक रूप से परखती हैं और कई बार मन में शंकाएं भी पैदा करती हैं। लेकिन मेरे अपने लोगों ने मुझे संभाला।' उन्होंने स्वीकार किया कि कठिन दौर से गुजरने के बावजूद उन्होंने अपने अंदर विश्वास कायम रखा, जिसने उन्हें मैदान पर फिर से चमकने में मदद की।

**'अगर आप खुद पर यकीन नहीं करेंगे, तो दूसरे क्यों करेंगे?'**

हार्दिक पांड्या का मानना है कि आत्मविश्वास किसी भी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा अपने कौशल पर भरोसा रखते हैं।

उन्होंने कहा, 'मैं खुद पर कितना विश्वास करता हूं, यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैंने हमेशा माना है कि जब तक आप खुद पर भरोसा नहीं करेंगे, तब तक दूसरे भी आप पर भरोसा नहीं करेंगे।'

पांड्या टी20 वर्ल्ड कप में भारत की योजनाओं का अहम हिस्सा होंगे और उनकी फिटनेस व फॉर्म टीम के लिए बड़ा सकारात्मक संकेत है।

**हार्दिक पांड्या ने कहा कि हर बार जब वे मैदान पर उतरते हैं, उन्हें लगता है कि हजारों लोग सिर्फ उन्हें खेलने के लिए इंतजार कर रहे हैं और यही उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है।**

**'मैं मीठी बातें नहीं करता, मैं असलियत में जीता हूं'**

अपने व्यक्तित्व के बारे में बात करते हुए हार्दिक ने कहा कि वे कभी दिखावा नहीं करते। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ईमानदार हूं, बहुत रियल हूं। मैं चीजों को सुंदर पैकेज में पेश नहीं करता...मीठी बातें नहीं करता।

मेरे लिए मायने रखता है कि मैं अंदर से कैसा महसूस करता हूं, लोग क्या सोचते हैं उससे फर्क नहीं पड़ता।' पांड्या का कहना है कि अब वे सिर्फ खेल का आनंद लेना चाहते हैं और क्रिकेट में और बड़ा करना चाहते हैं।

**'भड़के हुए भीड़ को प्यार में बदला'**

हार्दिक पांड्या ने यह भी बताया कि उन्हें भीड़ से मिलने वाली ऊर्जा से बेहद लगाव है। उन्होंने कहा, 'आपको एक रॉकस्टार होना चाहिए। आप आते हो, 10 मिनट खेलते हो और भीड़ पागल हो जाती है। यही मुझे मोटिवेट करता है।'

उन्होंने याद किया कि कैसे 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने पर उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन टी20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन के बाद वही भीड़ उनका नाम लेने लगी।

**'जिंदगी ने नींबू फेंके, मैंने शरबत बना लिया'**

अपने संघर्ष को एक लाइन में समेटते हुए हार्दिक बोले, 'जिंदगी ने मुझ पर कई नींबू फेंके, और मैंने हर बार नींबू का शरबत बनाया।' उन्होंने कहा कि हर बार जब वे मैदान पर उतरते हैं, उन्हें लगता है कि हजारों लोग सिर्फ उन्हें खेलने के लिए इंतजार कर रहे हैं और यही उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देता है।

# राजगीर की खेल अकादमी को एएचएफ और हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा




**पटना।** यह प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब खान ने बुधवार को चेन्नई में जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच के बाद आयोजित एक विशेष समारोह में बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को प्रदान किया।

राजगीर स्थित बिहार राज्य खेल अकादमी को एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) अकादमी और हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में मान्यता प्रदान की गई है जो बिहार के खेल क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

यह प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब खान ने बुधवार को चेन्नई में जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मैच के बाद आयोजित एक विशेष समारोह में बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को प्रदान किया। इस दौरान हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर श्रेयसी सिंह ने कहा कि हॉकी की विश्व में सर्वोच्च संस्था से राज्य खेल अकादमी को मिली यह मान्यता न केवल बिहार के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह राज्य की उभरती खेल क्षमता और एशियाई हॉकी संरचना में राज्य की सशक्त उपस्थिति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार किसी राज्य खेल अकादमी को यह मान्यता प्रदान की गई है।

एएचएफ ने अपने पत्र में कहा, 'राजगीर खेल अकादमी को एएचएफ अकादमी एवं हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में प्रमाणित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह मान्यता अकादमी के विजन, विश्वस्तरीय खेल ढांचा, जमीनी स्तर से लेकर हाई परफॉर्मेंस तक हॉकी के विकास के लिए संस्थागत तैयारी और समर्पण को दशार्ती है।' बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने कहा, 'यह उपलब्धि राज्य के हॉकी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल वैज्ञानिकों और खेल प्रशासकों के लिए गर्व का क्षण है। यह सफलता बिहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं, सतत निवेश तथा सरकार की सकारात्मक खेल नीति का परिणाम है।'

# कोहली के खास दोस्त की कोच गंभीर को सीख

## खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करना सही नहीं

**डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है।' आइए जानते हैं उन्होंने और क्या कहा...**




**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और विराट कोहली के अच्छे दोस्त एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से कुछ हद तक सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है, लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है।

**'कुछ हद तक गंभीर से सहमत'**

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते।'

**'परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही'**

उन्होंने कहा, 'इसमें शीर्ष तीन-चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है।' भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है।

**डिविलियर्स ने भारतीय टीम की तारीफ की**

डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है। यह तीनों प्रारूपों में सबसे अस्थिर प्रारूप है और ऐसे में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का मतलब है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। मुझे लगता है कि इसका संबंध भारतीय क्रिकेट की गहराई से है।'

# आईपीएल 2026 के ऑक्शन में कौन बनेगा सबसे महंगा खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** क्या इस साल नीलामी में सबसे महंगा बिकने का रिकॉर्ड किसी युवा भारतीय खिलाड़ी के नाम जाएगा? या कोई विदेशी ऑलराउंडर फिर बाजी मार लेगा? इसका फैसला 16 दिसंबर को नीलामी की टेबल पर होगा। इस साल नीलामी का आयोजन अबू धाबी में होगा।




आईपीएल नीलामी हर साल नए रिकॉर्ड बनाती है और खिलाड़ी कीमतों का ग्राफ लगातार ऊपर जाता रहा है। ऋषभ पंत को 2025 में 27 करोड़ रुपये मिलने के बाद अब सवाल उठ रहा है कि क्या क्ढछ 2026 में 30 करोड़ का आंकड़ा टूटेगा? इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए यह जरूरी है कि हम देखें कि 2008 से अब तक हर साल कौन सबसे महंगा खिलाड़ी रहा है और कीमतें कैसे बढ़ती गईं। सत्र-वार नीलामी में सबसे महंगी खरीद पर एक नजर डालते हैं-

पहला सीजन और पहली बड़ी बोली। धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 9.5 करोड़ में खरीदकर संकेत दे दिया था कि फ्रेंचाइजी नए युग में बड़े नामों पर बड़ा दांव लगाएगी। तभी से आईपीएल में मार्की खिलाड़ियों की नीलामी की परंपरा शुरू हुई। हालांकि, धोनी इसके बाद कभी नीलामी में नहीं उतरे। वह हर बार रिटेन ही हुए।

दूसरे सीजन में इंग्लिश सुपरस्टार्स पर पैसा बारिश की तरह बहा। दिग्गज केविन पीटरसन और फ्लिंटॉफ दोनों 9.8-9.8 करोड़ में बिके, जो शुरूआती दौर में एक बड़ी रकम मानी जाती थी। पीटरसन को जहां चौके-छक्के लगाने में महारत हासिल थी, वहीं फ्लिंटॉप तब दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर्स में शुमार थे।

इस साल पर्स लिमिट कम होने के कारण बोली अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन बॉन्ड और पॉलार्ड दोनों अपनी टीमों के लिए गेम-चेंजर साबित हुए। पोलार्ड की तूफानी पारियों ने मुंबई को फाइनल में पहुंचाया था, लेकिन टीम हार गई थी।




आईपीएल इतिहास का पहला बड़ा ब्रेकथ्रू। गंभीर 14.9 करोड़ में बिके और बाद में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो बार खिताब भी दिलाया। यह नीलामी आईपीएल में कीमतों के नए युग की शुरूआत मानी जाती है। पहली बार 10 करोड़ का आंकड़ा पार हुआ था।

चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑलराउंडर जडेजा पर 12.8 करोड़ खर्च किए। यह साल ऑलराउंडर्स की बढ़ती अहमियत को दिखाता है। जडेजा इसके बाद 13 सीजन तक सीएसके का अभिन्न हिस्सा रहे और टीम को कई खिताब मैच जीतने में मदद भी की। द बिग शो नाम से मशहूर मैक्सवेल को मुंबई ने खरीदा। मैक्सवेल तब फटाफट क्रिकेट के बिग हिटर्स में एक माने जाते थे। हालांकि, वह नाम के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इसके बावजूद मुंबई की टीम खिताब जीतने में कामयाब रही थी।

युवराज कैंसर से ठीक होने के बाद क्रिकेट में वापसी की और धमाका कर दिया। उनके नाम का असर देखा गया। युवराज पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 14 करोड़ खर्च किए। हालांकि, युवराज का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। आरसीबी ने सीजन के बाद उन्हें रिलीज कर दिया था। युवराज लगातार दूसरे साल भी सबसे महंगे खिलाड़ी रहे और कीमत 16 करोड़ पहुंच गई।

यह उस वक्त का ऑक्शन रिकॉर्ड था। युवराज पर दिल्ली ने भरोसा दिखाया, लेकिन युवी दिल्ली के लिए भी कुछ खास नहीं कर सके।

2016: शेन वॉटसन , 9.5 करोड़

आरसीबी ने वॉटसन पर दांव लगाया और वह टीम के लिए बल्लेबाजी में नहीं, बल्कि गेंदबाजी में उपयोगी खिलाड़ी साबित हुए। वॉटसन ने 179 रन बनाए, लेकिन 20 विकेट झटके। वॉटसन पर हालांकि, आरसीबी का भरोसा नहीं रहा और उन्हें अगले सीजन से पहले रिलीज कर दिया गया। स्टोक्स के आने से विदेशी ऑलराउंडर्स की वैल्यू और बढ़ गई। यह बोली इंग्लिश खिलाड़ियों की आईपीएल वैल्यू को स्थायी रूप से ऊपर ले गई। स्टोक्स पर राइजिंग पुणे सुपरजाएंट्स ने भरोसा दिखाया और बड़ी बोली लगाई।

# पाकिस्तान में फुटबॉल मैच के बाद आपस में भिड़े खिलाड़ी, जांच शुरू



**कराची।** केपीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और अधिकारी भी बीच में कूद पड़े।

पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) और पाकिस्तान ओलंपिक संघ कराची में पाकिस्तान आर्मी और वाप्डा टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के बाद खिलाड़ियों के आपस में भिड़ने की घटना की जांच कर रहे हैं, जिसमें कई खिलाड़ी और अधिकारी घायल हो गए थे।

केपीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और अधिकारी भी बीच में कूद पड़े। वे एक-दूसरे को मुक्के और लात मार रहे थे। मैच का सीधा प्रसारण होने के दौरान ही इस घटना के दृश्य कैमरे में कैद हो गए और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद कई लोगों ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

यह झड़प तब शुरू हुई जब आर्मी के खिलाड़ियों द्वारा अपने डगआउट के सामने जीत का जश्न मनाने पर वाप्डा के कुछ सदस्यों ने गुस्सा जताया।

पीएफएफ के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने घटना का संज्ञान लिया है। पाकिस्तान ओलंपिक संघ भी इस मामले की जांच करेगा क्योंकि राष्ट्रीय खेल उसके दायरे में आते हैं।

उन्होंने कहा, 'हम भी इस घटना की जांच करेंगे और इसमें शामिल खिलाड़ियों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।'

वीडियो में दिखाया गया है कि वाप्डा के कुछ खिलाड़ियों ने मैच रेफरी के साथ हाथापाई की। वाप्डा के खिलाड़ी रेफरी द्वारा आर्मी की टीम को पेनल्टी किक दिए जाने से नाखुश थे।

# कोहली सितारा हैं तो हैं, कोई क्या कर सकता है: सुशील दोशी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम फिलहाल कई वजहों से सुर्खियों में है। घरेलू पिच पर टेस्ट में हार, विराट कोहली, रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के सबकुछ ठीक नहीं होने की अटकलें, वनडे में रो-को की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और स्पिन नहीं खेल पाने की क्षमता, ये तमाम वो चीजें जिनकी हाल फिलहाल में खूब चर्चा हुई है। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के बाद दक्षिण अफ्रीका से घरेलू पिच पर टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप हुई। इससे टीम इंडिया की टेस्ट में क्षमता पर खूब सवालिया निशान लगे हैं। इन सब चीजों को विस्तार से समझने के लिए हमने क्रिकेट कमेंटेटर सुशील दोशी से बात की। सुशील दोशी ने कहा कि घरेलू क्रिकेट से ही असली खिलाड़ी निकलते हैं। तकनीक, टेम्परामेंट, स्पिन...इन सबको वापस लाने की जरूरत है। भारतीय क्रिकेट बहुत बड़ा है, लेकिन सही फैसले, सही मौके और सही दृष्टिकोण से ही टीम आगे बढ़ेगी। उनसे बातचीत के अंश पढ़ें...



सुशील दोशी को हिंदी क्रिकेट कमेंटरी का जनक माना जाता है। क्रिकेट कमेंटरी में उनके योगदान को देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें 'लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार' और भारत सरकार ने 2016 में पद्मश्री से सम्मानित किया था। वह देश के पहले ऐसे कमेंटेटर हैं, जिनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के कमेंटरी बॉक्स का नाम रखा गया है। सुशील दोशी ने करीब 600 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिंदी कमेंटरी की है। उन्होंने कई देशों और कई चैनलों पर हिंदी कमेंटरी की है। पिछले कई दशकों से वे ऐसा करते आ रहे हैं।

सुशील दोशी 10 विश्व कप मैचों की हिंदी में कमेंटरी करने वाले देश के पहले कमेंटेटर भी हैं। उनके द्वारा बनाई गई क्रिकेट की शब्दावली और कमेंटरी शैली आज भी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। इनके अलावा सुशील दोशी ने कई किताबें भी लिखी हैं। इनमें 'आंखों देखा हाल', 'खेल पत्रकारिता', 'क्रिकेट का महाभारत', 'भारतीय क्रिकेट की भूली-बिसरी यादें', 'क्रिकेट खिलाड़ियों का बचपन' और 'विश्व कप क्रिकेट' प्रमुख हैं। पेशे से इंजीनियर और उद्योगपति सुशील दोशी की पहचान हिंदी कमेंटेटर के रूप में स्थापित है।

सुशील दोशीः देखिए, विराट और गंभीर दोनों दिल्ली से साथ खेले हैं, इसलिए करीब से जानने-समझने के कारण कुछ बातें हो जाती हैं। लेकिन गंभीर की नियत खराब नहीं है, ये मैं अच्छे से जानता हूं।

हां, कई बार उनके कुछ फैसले गलत निकल जाते हैं और उसका पता बाद में चलता है। गंभीर अपने निर्णयों पर थोड़ा अडिग रहते हैं। उनका मानना है कि जो मैंने किया है वही सर्वश्रेष्ठ है। थोड़ा लचीलापन होना चाहिए कि अगर कुछ गलत हुआ हो तो मान लें। गंभीर की इमानदारी पर कोई संदेह नहीं कर रहा है, लेकिन आपको ये भी मानना चाहिए कि कोई निर्णय गलत हो सकता है। जहां तक विराट की बात है, वो दुनिया के सबसे बड़े बल्लेबाजों में हैं। उनकी फिटनेस, तकनीक और मानसिकता का कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है। मतलब ऐसा लगता है कि जैसे विराट उम्र के साथ जवान हो रहे हैं।

# विजयी संयोजन में बदलाव का जोखिम उठाएगा भारत

## गिल को करना होगा बेहतर प्रदर्शन




**मुल्लांपुर।** भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में उतरेगी तो यह देखना दिलचस्प रहेगा कि विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन को तरजीह मिलेगी या जितेश शर्मा ही विकेट के पीछे भूमिका निभाएंगे।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुरुवार को पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। भारत ने पहले टी20 में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अब टीम की नजरें सीरीज में बढ़त मजबूत करने पर टिकी होंगी। आमतौर पर भारतीय टीम विजयी संयोजन से छेड़छाड़ नहीं करती, इसलिए यह देखने लायक होगा कि दूसरे टी20 के लिए क्या भारतीय टीम प्रबंधन ये जोखिम उठाएगी?

**वापसी को यादगार नहीं बना सके गिल :** भारत ने पहले टी20 में वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, संजू सैमसन और हर्षित राणा को बाहर रखा था। इसमें सबसे ज्यादा हैरानी सैमसन को बाहर रखने पर हुई थी जिनकी जगह जितेश शर्मा को तरजीह दी गई। सैमसन कुछ समय पहले तक नियमित रूप से टी20 टीम का हिस्सा थे और अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे थे, लेकिन शुभमन गिल के आने से उन्हें मध्य क्रम में बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा जहां वह सफल नहीं हुए। पहले टी20 से गिल ने चोट के बाद वापसी की, लेकिन वह इसे यादगार नहीं बना सके और चार रन बनाकर आउट हुए।

गिल पिछले कुछ समय से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। गिल के पहले ही ओवर में विकेट गंवाने से भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बढ़ा था। उनसे दूसरे टी20 में बेहतर प्रदर्शन करने की आस होगी। टेस्ट और वनडे कप्तान गिल आसानी से वह भूमिका निभा सकते हैं जो विराट कोहली ने पिछले साल टी20 विश्व कप तक भारत के लिए निभाई थी। भारतीय टीम में आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के विकल्प मौजूद हैं और उसने अब अपने निडर दृष्टिकोण को और मजबूत कर लिया है, जिससे एक सूत्रधार के लिए बहुत कम जगह बची है।


**सूर्यकुमार का फॉर्म चिंता का विषयः** गिल निश्चित रूप से पावरप्ले में अभिषेक शर्मा की तरह आक्रामक बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं और इसलिए उन्हें यह पता लगाना होगा कि वह अपनी भूमिका कैसे अच्छी तरह निभा सकते हैं। गिल के अलावा कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भी अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। उनका विश्व कप से पहले फॉर्म में लौटना भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**सैमसन को मौका मिलने की संभावना कमः** न्यू चंडीगढ़ के ठंडे वातावरण में भारत का अपने विजयी संयोजन में कोई बदलाव करने की संभावना नहीं है। यानी मुल्लांपुर में भारत उसी प्लेइंग-11 के साथ उतर सकता है, जो कटक में उतरा था। चोट से उबरकर राष्ट्रीय टीम में वापसी करते हुए हार्दिक पंड्या ने अदद ऑलराउंडर के रूप में अपनी स्थिति को फिर से साबित कर दिया। कटक में पहले मैच में उनकी 28 गेंदों में खेली गई 59 रन की पारी ने मुश्किल विकेट पर बहुत बड़ा अंतर पैदा किया।




**टी20 में 100 विकेट हासिल करने से एक कदम दूर हार्दिक**

भारत के अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कटक में बल्ले और गेंद दोनों से दम दिखाया था। हार्दिक ने नाबाद अर्धशतक लगाने के साथ ही एक विकेट भी लिया था। हार्दिक के टी20 अंतरराष्ट्रीय में 99 विकेट पूरे हो गए हैं और वह इस प्रारूप में 100 विकेट पूरे करने से एक कदम दूर हैं। हार्दिक अगर दूसरे टी20 में एक विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह टी20 में भारत के लिए 100 विकेट पूरे करने वाले तीसरे गेंदबाज बन जाएंगे। भारत की ओर से अब तक अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह की ऐसा कर चुके हैं।




# अंशु का शुभ विवाह गौरव के साथ धूम-धाम से सम्पन्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजीव कुमार की सुपुत्री अंशु का शुभ विवाह हरेन्द्र सिंह और श्रीमति मनोज के सुपुत्र गौरव के साथ धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और उन्होंने वर-वधु का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर दोनों ही परिवारों ने सभी अतिथियों का स्वागत सतकार किया।

# हिमांशु सिंघल का शुभ विवाह कोमल के साथ धूम-धाम से सम्पन्न





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** देवेन्द्र कुमार सिंघल तथा वंदना सिंघल के सुपुत्र हिमांशु सिंघल का शुभ विवाह डालचंद की सुपुत्री कोमल के साथ धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे औरसभी ने वर-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। सिंघल परिवार की ओर से वंदना सिंघल, देवेन्द्र कुमार सिंघल, दिव्यांशु सिंघल तथा तनिष्का सिंघल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सर्व समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र त्यागी वशिष्ठ की धर्मपत्नी सुमन त्यागी ने अपनी सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के एक और पड़ाव को पूरा किया। मैरिज एनिवर्सरी की इस खुशी को सुरेंद्र त्यागी ने फेसबुक पर साझा किया। बधाई शुभकामनाओं का सिलसिला इस पोस्ट पर चलता रहा। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# वसुंधरा मंडल की एसआईआर समीक्षा बैठक
## पूर्व महापौर आशा शर्मा ने टीम के प्रयास को सराहा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा मंडल में आयोजित एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू) की समीक्षा बैठक में पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि मंडला अध्यक्ष विनित त्यागी सहित पुरी टीम ने इस महत्वपूर्ण कार्य में सराहनीय काम किया है।

बैठक में मंडल अध्यक्ष विनीत त्यागी, पार्षदों मे सतेंद्र चौधरी, गौरव सोलंकी, नरेश भाटी, राजकुमार भाटी, प्रतिमा शर्मा, पूर्व पार्षद मंजू त्यागी, अशीष चौधरी लव कुमार, अमरेश चौधरी सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जहाँ एसआईआर प्रक्रिया की प्रगति, मतदाता सूची के शुद्धिकरण और संभावित अनियमितताओं की रोकथाम पर विस्तृत चर्चा हुई।

आशा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा, वसुंधरा मंडल की टीम ने इस काम को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ाया है। यह हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की समीक्षाएँ भविष्य में भी निरंतर जारी रहनी चाहिए ताकि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

एसआईआर की समीक्षा बैठकें हाल ही में कई मंडलों में आयोजित की गई हैं। वसुंधरा मंडल की इस पहल को स्थानीय स्तर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और आगामी चुनावों के लिए यह एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। वसुंधरा मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी ने कहा कि मंडल के सभी पार्षद का कार्यकताओं ने अपना पूरा योगदान एस आईअर दिया है।

वसुंधरा मंडल की टीम ने 58% के करीब वोट को बचाने का काम क्या है। मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी ने सभी कार्यकर्ताओं, पार्षदों का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि एस आई आर अभियान में मंडल में पार्षद मिलकर काम कर रहे हैं। जिसे मंडल हर अभियान में आगे रहता है।

# एबीवीपी ने एमएम डिग्री कॉलेज प्राचार्य का पुतला फूंका, कॉलिज गेट पर जमकर की नारेबाजी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलेज में वीरवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य के निलंबन की मांग को लेकर जमकर हंगामा करते हुए प्राचार्य का पूतला फूंका और कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कार्यालय के बाहर धरना दिया और नारेबाजी की। यह विरोध एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में प्राचार्य की संलिप्तता के आरोपों को लेकर किया गया। लगभग 20 दिन पहले एबीवीपी के जिला संगठन मंत्री चिरायु शर्मा के साथ मुलतानीमल मोदी डिग्री कॉलेज में मारपीट हुई थी। एबीवीपी का आरोप है कि यह घटना प्राचार्य के इशारे पर अंजाम दी गई थी। इस मामले में प्राचार्य सहित अन्य लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। एबीवीपी




पदाधिकारियों ने प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्राचार्य ने आपराधिक प्रवृत्ति के छात्रों को कॉलेज में दाखिला दिया है, जिससे कॉलेज का माहौल खराब हो रहा है। इसके अतिरिक्त कॉलेज में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भर्ती में भी धांधली का आरोप लगाया गया है। इन्हीं आरोपों के चलते एबीवीपी प्राचार्य के निलंबन की मांग पर अड़ी हुई है।

वीरवार की सुबह करीब 11 बजे एबीवीपी कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य व डॉ केएन मोदी फाउंडेशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करतु हेय उन्होंने प्राचार्य का पूतला फूंका। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर कायम रहे। एबीवीपी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर बड़ा आंदोलन करेंगे।




### मैं नहीं कर पाउंगा काम क्योंकि एक साल में रेत, रोड़ी के भी बढ़ गये हैं दाम

पीएम और सीएम विकास की बातें करते हैं। कहा जाता है कि जो शिलान्यास करेगा वही लोकार्पण करेगा। लेकिन सीवर खडन्जे वाले महकमे के साहब उस समय हैरान रह गये जब उन्हें पता चला कि टेंडर स्वीकृत हो जाने के बाद भी एक साल तक कोई काम ही नहीं हुआ। कहानी में मोड़ तब आया जब ठेकेदार को काम मिला तो उसने कह दिया कि पुराने रेट पर काम नहीं होगा। उसने एक साल में बेतहाशा बड़ी महंगाई का हाल बताया और बता दिया कि जब मैंने टेंडर डाला था तो कीमतें बाजार में ये थीं और एक साल बाद कीमत ये चल रही है। लिहाजा पुराने रेटों पर तो काम नहीं हो पायेगा। काम होगा या नहीं होगा इससे ज्यादा हैरानी महकमे के बड़े साहब को ये थी कि जब एक साल पहले टेंडर हो गया तो फिर इसकी फाईल कौन से पटल पर छुपकर अटल हो गयी थी।

### तब किसी को हैलिकॉप्टर से उतारा गया था और अब किसी को कार में बिठाया गया है

महाराज आते हैं और सियासत के नये संदेश निकल रहे हैं। पहले सरकार और तकरार का सीन सुनाई देता था अब जब प्रदेश की सरकार यानी सीएम आते हैं तो प्यार और कार वाला किस्सा होता है। कभी कैबिनेट वालों को साथ बिठाकर ले जाते हैं तो कभी संगठन अध्यक्ष को ये सानिध्य मिलता है। कैटेगिरी वाली चर्चा के बीच उस पार वाले ने ही पुराना किस्सा बताया और मामले को छठ वाले हैलिकॉप्टर से उठाया। उन्होंने कहा कि ये सीएम हैं और मंत्री से लेकर संगठन को साथ ले जा रहे हैं। फिर बताया कि उनके हैलिकॉप्टर में तो एक सीट ऐसी रिर्जव थी कि जिनके पास तब कोई पद नही था। फिर बताया कि जब हैलिकॉप्टर ने भार के चलते उड़ने से मना किया था तो बिना पद वाले का कद ये था कि वो हैलिकॉप्टर में ही बैठे रहे थे। यहां नदियापार वाली भाजपाईन का ही भार ज्यादा लगा था तभी तो उन्हें हैलिकॉप्टर से उतारने के बाद उड़न खटौला उड़ा था।


### याद है किसने कहा था चूंहे पंसारी हो गये और बंदर मदारी हो गये

पहलवान ने पास को लेकर कुछ खास ही लिखा होगा तभी तो ये घमासान मचा। दोनों तरफ के योद्धा यलगार हो कि ललकार के साथ कमेंट वाली तलवारें लेकर आ गये। नदियापार वाले भाजपाई ने ही कहा कि इसमें इतना तूफान उठाने की क्या जरूरत है, ये तो उनकी पुरानी आदत है। उन्होंने याद दिलाया कि कभी परम फ्रेंड ने ही इस ट्रैन्ड को शुरू किया था। उन्होंने बतायाकि हमें अब तक याद है उन्होंने लिखा था कि चूंहे पंसारी बन गये और बंदर मदारी हो गये। वो सीधे सीधे किसी को टारगेट कर रहे थे। हालाकि पुराने भाजपाई ने ये भी अलर्ट कर दिया कि उस पार वाले का तो पता नहीं लेकिन इस पार वाला हो चुका पुराना खिलाड़ी है। उनके पास एक अदा है और वो ये है कि सामने वाले को उसीके जाल में फंसा लेते हैं।




### नजर नहीं आ रही है न्यू लुक वाली जैकेट

पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सर्दी का मौसम शुरू होने के बाद भी अधिकारियों की न्यू लुक वाली जैकेट नजर नहीं आ रही है। कभी इस जैकेट की ना सिर्फ कमिश्नरेट वाले सिस्टम में बल्कि कई बड़े स्थानों पर भी चर्चा होती थी। सूत्र बता रहे हैं कि वैसे अभी दिन में मौसम इतना सर्द नहीं है लेकिन रात को तो पूरी ठंड नजर आने लगी है। पर बीते कई बड़े आयोजनों में भी यहां के अधिकारियों के ऊपर जैकेट नहीं दिखी है। वैसे इस जैकेट का डिजाइन सीधे मुख्यालय से बनाया गया था और फिर ऑन डिमांड पुलिस कमिश्नरेट में भी मंगवाया गया था लेकिन अबतक यह नजर नहीं आ रही है या तो जो वर्तमान वाले एसीपी साहब लोग हैं, उनका किशोर ध्यान नहीं गया या उनको यह डिजाइन पसंद नहीं आ रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा है कि यहां अलग-अलग अधिकारियों के ऊपर अलग-अलग लुक वाली जैकेट नजर आ रही है। वहीं गजटेड अधिकारियों से लेकर थाना प्रभारियों वाले स्तर पर भी कुछ नजर नहीं आ रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट



गाजियाबाद वाले सिस्टम में अभी वैसे ठंड ने अपना असर नहीं दिखाया है। तो मौसम विभाग बता रहा है कि अगले तीन से पांच दिनों के भीतर दिल्ली-एनसीआर में सर्द हवाएं और कोहरा एंट्री लेने वाला है। कहा जा रहा है कि इसके बाद अधिकारियों को दिन में भी सर्दी से बचाव करना होगा। उधर जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी वाले जोन के तमाम थानों में काम चल रहा है, उसकी वजह से उनके एसीपी और थाना प्रभारियों की टेबल खुले परिसर में भी नहीं लग पा रही है। सूत्र बता रहे हैं कि एक समय तो ऐसा था कि अगर प्रॉपर वर्दी नहीं होती थी, तो अधिकारियों को भी दिशा निर्देश मिल जाते थे लेकिन इस समय मामला थोड़ा लाइट चल रहा है और इसी वजह से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सब वेल है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आईजीआरएस की रिपोर्ट ने जिन 19 थानो को अव्वल घोषित किया गया है, पर जो छह काम न करने वाली लिस्ट में शामिल हुए हैं या उनकी वर्किंग और वर्किंग स्टाइल पर सवाल उठे हैं, इसको लेकर कोई कड़ा संदेश और निर्देश दिया जाना चाहिए ताकि सुधार वाली स्थिति आए। इसके साथ ही प्रदेश में कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद की रैंकिंग सर्वश्रेष्ठ बनी रहे। कुल मिलाकर देखना होगा कि ठंड पड़ने के बाद न्यू लुक वाली जैकेट किन-किन अधिकारियों के ऊपर नजर आती है और उनकी पर्सनाल्टि को कितना बढ़ाने का काम करती है।

# एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2025 का हुआ समापन



**मोदीनर, करंट क्राइम।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली एनसीआर कैंपस में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का आयोजन किया गया। एसआरएम आईएसटी के निदेशक डॉ0 एस विश्वनाथन के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का समापन समारोह के मुख्य अतिथि आईटी व इलेक्ट्रॉनिक उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में इस प्रकार के आयोजन से ना केवल देश के विकास में योगदान मिलेगा बल्कि विश्व में अपने देश की पहचान और भी मजबूत होती है।

आज के युवा पीढ़ी को अपने देश में ही नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है, ताकि देश की प्रतिभा को देश में सम्मान और पहचान मिले।

इंस्टिट्यूट के डीन प्रो0 आरपी महापात्रा डीन आईक्यूएसी एवं नोडल सेंटर प्रभारी डॉ0 धौम्या भट्ट ने कहा कि एसआरएम आईएसटी हमेशा ही इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से देश और समाज की सेवा करता रहा हैं, आज की युवा पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ना चाहिए और देश और समाज के उत्थान के लिए काम करना चाहिए ताकि देश की तरक्की हो सके। संस्थान के तरफ से ज्यूरी मेम्बर्स को सम्मानित किया गया और उनके योगदान के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया, व कार्यक्रम में शामिल हुए सभी मेण्टर्स जो अलग-अलग टीम को गाइडेंस प्रदान कर रहे थे, उन्हें भी सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का वास्तविक उद्देश्य छात्रों को एक वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के टूल्स से समाधान विकसित करने हेतु प्रेरित करते रहना होगा।

कार्यक्रम में एसआईएच ग्रैंड फिनाले में 25 टीम्स ने हिस्सा लिया और प्रतिभागी ने मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट के 5 प्रॉब्लम स्टेटमेंट का सलूशन ढूंढें। इस 36 घंटे नॉन स्टॉप हैकथॉन है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों ने इस नोडल केंद्र में भाग लिया है। इस प्रतियोगिता के 5 हर विजेता टीमों को 1.5 लाख रुपए की धनराशि व 5 डिस्टिंगुइश परफॉर्मर टीमों को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान कि गई।

# निवाड़ी नगर पंचायत द्वारा गृहकर बढ़ाए जाने पर ग्रामीणों में रोष



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** निवाड़ी नगर पंचायत द्वारा गृहकर बढ़ाए जाने से गुस्साए ग्रामीणों व भाकियू (अ) के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़े हुए हाउस टैक्स का वापस लिए जाने व असौडा मार्ग की जर्जर हो चुकी सड़क के निर्माण की मांग रखी।

भाकियू किसान सभा (अ) के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व संगठन के पदाधिकारियों ने वीरवार को नगर पंचायत कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों से संबन्धित मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर पंचायत ईओ को ज्ञापन सौपा। इस दौरान सतेन्द्र त्यागी समेत संगठन के अनेक पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहें।

# यू.पी. सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैम्पियनशिप हाथरस और यू.पी. पुलिस के बीच खिताबी भिड़ंत







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद की मेजबानी में 5.12.25 से 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनशिप खेली जा रही है। जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीम हिस्सा ले रही है। 6 दिन से चल रहे मुकाबलों में सारी टीमों ने बढ़-चढ़ कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 6वें दिन 10/12/2025 को क्वाटर फाइनल मैच खेले गए। कुछ गणमान्य लोग एस०एस०के० पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर श्री गुलशन भाभरी, रोजबैल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर श्री जोगिंदर सिंह, जे०के०जी० स्कूल के डायरेक्टर एवं बास्केट बॉल एशोसिएशन के जिला अध्यक्ष श्री करुण गौड़ एवं बास्केट बॉल एशोसिएशन के जिला सचिव इस अवसर पर टीमों क उत्साहवर्धन के लिए मौजूद रहे।

बुधवार को क्वाटर फाइनल मैच खेले गए जिसका परिणाम इस प्रकार रहा : गाजियाबाद व बागपत : बागपत 84 76 से जीता। अलीगढ़ व मेरठ : मेरठ 82-61 से जीती। बी०एल०डब्ल्यू० व हाथरस : हाथरस 67-62 से जीती। आगरा व उत्तर प्रदेश पुलिस : उत्तर प्रदेश पुलिस 55-34 से जीती। सेमो फाइनल मुकाबलों में : मेरठ व हाथरस : हाथरस 80 73 से जीता। उत्तर प्रदेश पुलिस व बागपत : उत्तर प्रदेश पुलिस 78-58 से जीती।

# डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के लिए स्वर्णकार समाज ने बच्ची को किया सम्मानित



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डिस्ट्रिक्ट बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में 9 वर्षीय बालिका कृषा वर्मा की ओर से किए गए शानदार प्रदर्शन पर उसे स्वर्णकार समाज मोदीनगर की ओर से सम्मानित कर बधाई दी गई।

बताते चलें कि हालही में जगमोहन वर्मा की नौ वर्षीय पुत्री कृषा वर्मा डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर बालिका वर्ग में 2 गोल्ड मेडल, सिंगल्स व डबल्स और 1 सिल्वर मेडल मिक्स डबल्स जीतकर कृषा ने मोदीनगर ही नही अपितु क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि से प्रफुल्लित स्वर्णकार समाज मोदीनगर के दर्जनों पदाधिकारियों ने उनके घर पंहुचकर उन्हें शुभकामनायें दी ओर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रिश्तेदार ने की चार साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक कॉलोनी में चार साल की बच्ची से एक रिश्तेदार द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थानान्र्गत कालोनी निवासी एक अधिवक्ता द्वारा थाने में दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उसकी पत्नी करीब एक महीने से परेशान थी। पूछा तो पता चला कि आरोपी रिश्तेदार उनकी बेटी के अकेला घर पर होने पर छेड़छाड़ कर रहा था। वह उसके प्राइवेट पाट्र्स से छेड़छाड़ करता था। हॉलाकि पत्नी ने समाज की बदनामी के डर से किसी को नहीं बताया। अब जब उससे बर्दाश्त नहीं हुआ, तो उसने सब कुछ बता दिया। इसके अलावा, आरोपी ने अपनी पत्नी से भी कहा कि उसके पास उसके अश्लील वीडियो हैं, जिन्हें उसने पहले ही शेयर कर दिया है। आरोपी उसकी बहन की बेटी का पति है। अधिवक्ता ने इस मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसीपी अमित सैक्सना ने बताया कि संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्रीमद् भागवत कथा में महापुराण का दिव्य वर्णन किया गया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद राजेंद्र नगर सेक्टर-3 अग्रसेन पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के चौथे दिन भागवताचार्य गरुड़ध्वज महाराज जी ने श्रीमद् भागवत महापुराण का दिव्य वर्णन प्रस्तुत किया। महाराज ने कहा कि भागवत कथा मनुष्य के अंदर छिपे संस्कारों को जागृत करती है तथा जीवन को धर्म, सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद भक्ति, भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं सहित कई प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

समिति के पदाधिकारियों अभिषेक पंडित ने कहा कि कथा का उद्देश्य समाज में धार्मिक जागरण और सद्भावना का संदेश देना है। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक लाइटिंग, फूलों और आध्यात्मिक संदेशों से सजाया गया है, जिससे पूरा परिसर दिव्य और सौम्य वातावरण का अनुभव कराता है। इस मौके पर आचार्य प्रमोद त्रिपाठी महाराज, राजू पंडित, सोनू पंडित, अविनाश शर्मा, योगेश शर्मा, अरुण पंडित, विशाल कौशिक, सुरेश कश्यप, मनु कौशिक आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस पर धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 4 स्थित सुभाष चंद्र पार्क में श्री हरी सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही 'श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान महायज्ञ' के चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा वाचक व्यास पंडित पवन कौशिक ने श्रोताओं को धर्मअधर्म की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि कलयुग में मन को शुद्ध करने का एकमात्र साधन श्रीमद् भागवत कथा है, जो जीवन के अंतिम क्षणों को पवित्र बनाती है। व्यास जी ने बताया कि जबजब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब भगवान अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना करते हैं और अधर्मियों का संहार करते हैं। इस क्रम में चंद्रवंश में भगवान श्री कृष्ण के अवतार की पावन कथा सुनाते हुए उन्होंने 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल' भजन गाकर समस्त श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में मुख्य यजमान मनोज भारद्वाज ने अपनी धर्मपत्नी सविता शर्मा के साथ पूजन किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पंडित अमरपाल शर्मा ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर श्रोताओं को आशीर्वाद दिया। श्री हरी सेवा समिति के पदाधिकारियों मे विपिन सारस्वत, शशि भूषण शर्मा, संजीव पवार, अमित पाठक, अमित शर्मा और रविंद्र चौधरी ने भव्य प्रबंध करके सभी का मन मोह लिया। पंडाल में सैकड़ों महिलाएं व पुरुषों ने कथा श्रवण कर कृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। यह आयोजन न केवल धार्मिक जागरूकता का केंद्र बना, बल्कि स्थानीय समुदाय में एकता और भक्ति का भाव भी उत्पन्न किया। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने श्रोताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'जब हम भागवत कथा सुनते हैं, तो हमारे दिलदिमाग में शांति का प्रवाह होता है, विशेषकर मन के हृदय में यह शांति और भी गहरी हो जाती है।' इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को कथा के महत्व और धार्मिक जागरूकता के प्रसार के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस ने अवैध कॉल सेंटर पकड़ा

## ओटीटी प्लेटफॉर्म से ठगी करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार




**नोएडा।** थाना फेस-वन पुलिस एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में नोएडा में अवैध रूप से संचालित एक कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने महिला समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कॉल सेंटर भारतीय, पाकिस्तानी और अन्य देशों के प्रमुख ओटीटी (..) प्लेटफॉर्म को अवैध रूप से अपने निजी सॉफ्टवेयर के माध्यम से विदेश में रह रहे भारतीय नागरिकों को एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर चैनलों की लाइव स्ट्रीमिंग दिखा रहा था और सब्सक्रिप्शन को अल्प अवधि में बंद कर बार-बार पैसे मांगकर ठगी कर रहा था। अभियुक्त अब तक विदेशी में रहने वाले भारतीय नागरिकों से करोड़ों रुपयों की ठगी कर चुका है।

डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि आज एक सूचना के आधार पर नोएडा के सेक्टर-2 में संचालित अवैध रूप से संचालित कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए 6 साइबर अभियुक्त तनिष्का पुत्री सुरेश कुमार वर्मा, अनिल बघेल पुत्र कृष्ण कुमार, मनीष कुमार त्रिपाठी पुत्र छविनाथ त्रिपाठी, गौरव पुत्र पप्पन बघेल, राधा बल्लभ पुत्र गणेश दास तथा योगेश बघेल पुत्र प्रेमकान्त बघेल को सेक्टर-2 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से साइबर अपराध में प्रयुक्त 20 मोबाइल फोन, 5-5 कंप्यूटर व मॉनिटर, 1 लैपटॉप, 6 कीबोर्ड, 6 माउस, 6 हेडफोन, 1 आईपीटीवी बॉक्स, 2 एयरटेल एक्स्ट्रीम फाइबर राउटर व 3 मोहरे बरामद की है। माध्यम से विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को भारतीय, पाकिस्तानी व अन्य देशों के ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन कम दामों में अवैध रूप से उपलब्ध कराते हैं।

# पत्नी की हत्या में आरोपी पति को आजीवन कारावास

## इंदिरापुरम का था मामला





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस आयुक्त गाजियाबाद जे रविंदर गौड के निर्देशन में गठित कन्विक्शन सेल और थाना इंदिरापुरम पुलिस की सटीक विवेचना और मजबूत कानूनी पैरवी के परिणामस्वरूप वर्ष 2015 के एक जघन्य हत्या व लूट के मामले में आरोपी हरिओम उर्फ जोनी उर्फ हेमंत को कड़ी सजा सुनाई गई है।

घटना 30 अक्टूबर 2015 की है, जब वादी की पत्नी की गला काटकर हत्या कर उसके घर से लूटपाट किए जाने की वारदात थाना इंदिरापुरम में अज्ञात के विरुद्ध दर्ज की गई थी।

पुलिस टीम ने घटनास्थल से मिले वैज्ञानिक साक्ष्यों और ठोस सबूतों के आधार पर आरोपी हरिओम की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया और आरोप-पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। प्रकरण की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-10 गाजियाबाद में हुई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुनील कौशिक द्वारा की गई प्रभावी और तर्कपूर्ण पैरवी, पुलिस विवेचना की मजबूती को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया।

### अदालत ने आरोपी हरिओम को दी सजा

**करंट क्राइम :** धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड। धारा 394 में 10 वर्ष का कठोर कारावास तथा 40 हजार रुपये अर्थदंड। धारा 411 में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। इस फैसले में कन्विक्शन सेल, निरीक्षक इंदिरापुरम व अभियोजन पक्ष की संयुक्त कार्यप्रणाली की अहम भूमिका रही। यह निर्णय अपराधियों में भय और न्याय की दृढ़ता का संदेश प्रसारित करता है।

# ग्रामीण जोन पुलिस ने 238 लोगों को लौटाए मोबाईल

## मसूरी सर्किल और थाना रहा टॉप





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ग्रामीण जोन पुलिस ने अलग-अलग थानों की मदद से कुल 238 चोरी और लूट के मोबाइल फोन बरामद कर उनके असल मालिकों को लौटाए हैं। यह अभियान पुलिस के पोर्टल व तकनीकी सेल की मदद से लगातार चलाया जा रहा है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अब तक कुल 936 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को लौटाए जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि अधिक-से-अधिक पीड़ितों को उनका मोबाइल वापस मिल सके।

### मसूरी सर्किल रहा टॉप

**करंट क्राइम :** फोन बरामदगी में मसूरी सर्किल पहले स्थान पर रहा। वहीं एसीपी मसूरी लिपि नगायच, थाना प्रभारी मसूरी अजय चौधरी की टीम ने सबसे ज्यादा 65 फोन बरामद किए हैं। तो एसओ मुरादनगर अंकित चौहान ने भी 28 फोन बरामद किए हैं।

### अन्य थानों का प्रदर्शन:

| | |
|---|---|
| थाना मूसरी | 65 मोबाइल |
| थाना मुरादनगर | 28 मोबाइल |
| थाना लोनी | 20 मोबाइल |
| ट्रोनिका सिटी | 15 मोबाइल |
| अंकुर विहार | 25 मोबाइल |
| लोनी बॉर्डर | 24 मोबाइल |
| मोदीनगर | 30 मोबाइल |
| थाना निवाड़ी | 5 मोबाइल |
| थाना भोजपुर | 16 मोबाइल |

# गाजियाबाद के चित्रांश ने नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप में हासिल किया दूसरा स्थान



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुजरात के शहर राजकोट में आयोजित अंडर-11 नेशनल बैडमिंटन सिंगल टूनार्मेंट में गाजियाबाद की पंचशील कॉलोनी में रहने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी चित्रांश शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया है।

इस उपलब्धि पर उन्हें लिटिल मास्टर की उपाधि दी गई। कम उम्र में बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन कर चित्रांश ने अपने परिवार एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। चित्रांश की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी गई। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# बिसरख में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 9 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के ग्रेटर नोएडा क्षेत्र स्थित विकास खण्ड बिसरख परिसर में गुरूवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 9 जोड़ों का धार्मिक विधि-विधान से सामूहिक विवाह व निकाह सम्पन्न कराया गया। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के 4, अन्य पिछड़ा वर्ग के 2, सामान्य वर्ग के 1 व अल्पसंख्यक वर्ग के 2 वर-वधू नव दांपत्य जीवन में बंधे। सभी जोड़े बिसरख व दादरी के निवासी थे। सभी जोड़ों को विवाह उपहार सामाग्री प्रदान की गई।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# स्वर्गीय पिंटू त्यागी की 17 वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू की 17 वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उनके पुत्र कुनाल त्यागी द्वारा अपने पिता की स्मृति में अपने पिता की पुण्य तिथी पर आयोजित रक्तदान शिविर में सभी दलों के गणमान्य लोग पहुंचे। यहां रक्तदान महादान के संकल्प के साथ रक्तदान किया और स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह रक्तदान शिविर आरडीसी में प्रदीप त्यागी पिंटू मैमोरियल पार्क में लगाया गया। 17 वीं पुण्यतिथि पर गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय प्रदीप त्यागी पिंटू को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एसआईआर फार्म ने शायद बढाई हुई है विधायक जी की टेंशन? अब इस बात को तो वो खुलकर नहीं कर पा रहे हैं मेंशन? सुना है उन्होंने इस समस्या से निपटने का निकाल लिया है समाधान? अपने हाथों से बांटने शुरू कर दिये हैं कार्यकताओं को नंबर 6 वाले फार्म? वो अब इन फार्मों के सहारे करेंगे अपना सिस्टम अपडेट? उन्हें पता चला गया है कि कुछ भी नहीं होने वाला हैं भले ही बढ़ती रहे एसआईआर अभियान की डेट?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे एसआईआर अभियान को लेकर इन्दिराजी और वुसधरा वाले एरिया की समीक्षा बैठक में मौजूद? हमें यहां पर नजर आ रहा था सभी पार्षदों का वजूद? मगर हम देख रहे थे कि यहां के भगवा कमिश्नर दे रहे थे कुछ ज्यादा ही मैम्बर मिस्टर भाटी को भाव? स्वागत किया, पटका पहनाया? फील कराया ऐसे जैसे दो-दो टिक्की के उपर लगाये हों पाव? हम देख रहे थे कि जब मोहबब्त का ये ऐपीसोड चल रहा था? तब कुछ मैम्बरर्स के दिल पर लग रहे थे घाव?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** महानगर की टीम में रह कर ना जाने क्यों एक महामंत्री दर्द सह रहा है? जो भी आता है वो उससे अपने दर्द की बात कह रहा है? मिस्टर महान हर किसी को करा रहे हैं यही एहसास? कौन गिन रहा है अब हमें यहां पर? हमारी तो गिनती ही नहीं है साहब? सुना है इनको ना मिली कमांडर से ज्यादा मोहब्बत? भगवा योद्धा से मिल रहा है कोई खास भाव?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कहीं चुटिया वाले त्यागी जी का भर तो नहीं गया है राजनीति से मन? सुना है वो हो गये हैं ब्लॉगर? कुछ इस फील्ड में शुरू कर दिये हैं उन्होंने जतन? इन दिनों वो मार रहे हैं रेगिस्तान में फैमिली टूर? वहां से वो बना रहे हैं वीडियो भरपूर? कहने वाले ने कहा अगर चढ़ गया उनका ये इन्टरेंस्ट परवान? तो हमें डर है कहीं वो हो ना जायें राजनीति से दूर?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार के एक ठाकुर भगवा वाईस प्रेसीडेंट कितना दे रहे हैं एसआईआर अभियान पर ध्यान? अगर आप उनसे इस बारे में पूछोगे तो वो घुमा लेंगे अपने कान? अभियान से दूरी बनाने की चर्चा हो रही है उनकी आम? कहने वाले ने कहा कि वो सिर्फ इस वक्त रामलीला के चबूतरे को मजबूत करने में लगे हैं? इसी पर है उनका ध्यान? कहने वाले ने कहा शायद मिस्टर वाईस प्रेसीडेंट जानते हैं कि उनकी पार्टी के राम के नाम पर ही बनते हैं काम? इसलिए क्यों लगाना है फिर एसआईआर पर ध्यान?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** युवा क्रान्तिकारी त्यागी अब क्रान्तिकारी नहीं रहा बल्कि हो गया है छोटा योद्धा? सुना है उसने तेज कर ली है अब अपने शब्दों की धार? दे रहा है ये चेहरा अब हर जगह संदेश? अगर किसी ने भी हमारे योद्धा को कितनी ही पहलवानी दिखाकर कमजोर करने की कोशिश की? तो फिर हम भी नहीं करेंगें इंतजार? अगर वो डाल-डाल हैं तो हम हैं पात-पात? फेसबुक पर खेलना हमें भी बहुत अच्छे से आता है यार?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व अध्यक्ष को लेकर बीबीसी जैसा नेटवर्क रखने वाले ओबीसी चेहरे ने कही तो थी ठीक बात? उन्होंने कराया था प्रोटोकॉल को लेकर शर्मा जी द्वारा पंजाबी चेहरे को रथ पर चढने से रोकने का एहसास? हम उनकी बात को देते हैं मान? मगर हम उनका खींचना चाहते हैं ध्यान? हम उनको बस इतना ही कराना चाहते हैं याद? जब वो भगवागढ़ में नए-नए आये थे ना? तब इन्हीं शर्मा जी ने उन्हें कराया था अपनी टीम में उपाध्यक्ष वाला एहसास?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है भगवा पहलवान की हर पोस्ट को मिलते हैं बहुत ज्यादा पोजिटिव वाले होस्ट? मगर इस बार जो उन्होंने डाली पोस्ट? वो बहुत ज्यादा हो गई रोस्ट? सुना है उनकी इस पोस्ट पर पोजिटिव से ज्यादा नेगेटिव वाले चले हैं तीर? कहने वाले ने कहा कि हमारी उनको सलाह है? जब सत्ता हाथ में ना हो तो विषय नहीं उठाने चाहिए गंभीर? जैसे जा रहा है वैसे जाने देना चाहिए उड़ता हुआ तीर?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है साईकिल वाले सिकंदर ने तलाशना शुरू कर दिया है फिल्मों में अपना मुकद्दर? सुना है प्रेस कान्फ्रेस से लेकर गाने के टेज्लर में ऐसा ही दिख रह है उनका अंदाज? जो भी हो जब भी हम उनको पर्दे पर देखते हैं? तो हमें बहुत अच्छा लगता है साहब? वैसे भी राजनीति में आ चुके हैं कई स्टार? क्या पता स्टार बनकर उनका भी हो जाये कोई उद्धार?

▶▶ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ना जाने वो थे 10 तारीख को कौन से अड्डे पर? हमारी निगाहें कमांडर के दोस्त को तलाशती रहीं? मगर ताकतवर मैडम और गर्ग साहब की तरह मिस्टर पहलवान भी नहीं पहुंचे मिस्टर गोयल के बर्थडे पर? कहने वाले ने कहा शायद मिल गया होगा पहलवान जी हो इस बात का अपडेट? सभी कार्यकर्ता थे उस आयोजन में मौजूद? जिन्होंने उन्हें बताया था ए और सी ग्रेड?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# गाजियाबाद में आज एसआईआर का विशेष अभियान

## मतदान स्थलों पर बैठेंगे बीएलओ, अनुपस्थित मतदाताओं की सूची होगी प्रदर्शित, सपा ने बूथ एजेंटों को मुश्तैद रहने को कहा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद में आज एसआईआर प्रक्रिया के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ सुबह दस बजे से बैठकर निर्वाचकों के भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करेंगे। निर्वाचन आयोग की यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि घर-घर सत्यापन में जो नाम अनुपस्थित मिले हैं, **उनका पुनः** मिलान किया जा सके। इसी कारण कल हर मतदान केन्द्र पर अनुपस्थित मतदाताओं की सूची भी प्रदर्शित की जाएगी, जिससे मतदाता स्वयं जानकारी की पुष्टि कर सकें और आवश्यकता पड़ने पर अपना विवरण सही करवा सकें। यह अभियान जिले की मतदाता सूची को अंतिम रूप देने से पहले का सबसे महत्वपूर्ण चरण माना जा रहा है।




समाजवादी पार्टी

इसी बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने अपने सभी बूथ स्तर एजेंटों को निर्देश दिया है कि कल उपलब्ध होने वाली सूची का गहराई से परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित, मृतक, स्थानांतरित और दुगुनी प्रविष्टियों का सत्यापन बूथ स्तर पर ही सबसे प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। उन्होंने सभी एजेंटों से अपेक्षा जताई कि वे समय से मतदान स्थल पर पहुँचे और यह सुनिश्चित करें कि किसी मतदाता की अनजाने में गलत श्रेणी में प्रविष्टि न रह जाए।

**मुख्य दो बिंदुः**
- बीएलओ कल सुबह 10 बजे से अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर बैठकर गणना प्रपत्र स्वीकार करेंगे।
- अनुपस्थित मतदाताओं की सूची प्रत्येक मतदान स्थल पर चस्पा की जाएगी।

जिले के समाजवादी पार्टी अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने भी कार्यकताओं को मतदान केन्द्रों का दौरा करने की अपील की है। उनका कहना है कि मतदाता सूची की शुद्धता चुनाव की सबसे पहली और सबसे अहम तैयारी है, इसलिए इस अभियान में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

आज का यह विशेष अभियान जिले के सभी विधानसभाओं में मतदाता सूची की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करेगा और आगे की निर्वाचन प्रक्रिया इसी संशोधित सूची के आधार पर आगे बढ़ेगी।




## शुभकामनाएं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद तथा सलमानी समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी रियाजुददीन सलमानी ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को उनके जन्मदिन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता तथा पूर्व पार्षद रियाजुददीन सलमानी ने महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश अल्प संख्यक आयोग के सदस्य सरदार एसपी सिंह भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।




## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# कंबोडिया-थाईलैंड के बीच बढ़ा तनाव

## पहली बार तीन थाई नागरिकों की मौत, शांति समझौते पर लौटें.. : ट्रम्प



**सुरिन।** सीमा विवाद को लेकर थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हालिया संघर्ष में पहली बार तीन थाई नागरिकों की जान चली गई है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों से जुलाई में हुए शांति समझौते पर वापस लौटने को कहा है। उधर, वेटिकन ने भी इस संघर्ष पर दुख जताया है।

थाईलैंड सेना ने गुरुवार को कहा कि कंबोडिया के साथ देश की सीमा पर जारी संघर्ष में उसके तीन नागरिक मारे गए। ताजा संघर्ष शुरू होने के बाद यह पहली बार है जब थाई नागरिकों की मौत हुई है।

हालिया संघर्ष रविवार को एक झड़प से शुरू हुआ, जिसमें दो थाई सैनिक घायल हो गए थे। इस झड़प के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में हुआ शांति समझौता टूट गया था। जुलाई में पांच दिनों तक चले खूनी संघर्ष के बाद संघर्षविराम समझौते पर सहमति बनी थी। हाल के संघर्ष में करीब दो दर्जन लोगों की मौत की खबर है। जबकि सीमा के दोनों ओर सैकड़ों हजार लोग विस्थापित होकर अस्थायी आश्रयों या रिश्तेदारों के पास चले गए हैं।

थाई सेना के बयान के मुताबिक, बुधवार रात कंबोडिया ने थाई चौकियों पर तोप और मोर्टार से हमला किया, जिसके बाद थाई सेना ने भी उसी तरह के हथियारों का इस्तेमाल कर जवाब दिया और उनके ट्रकों को नुकसान पहुंचाया। कंबोडिया की वेबसाइट 'फ्रेश न्यूज' ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार सुबह भी तोपों की झड़प जारी थी।

**पोप लियो ने ताजा संघर्ष पर दुख जताया**

दोनों दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के ताजा संघर्ष पर वेटिकन सिटी ने भी दुख जताया है।

वेटिकन ने कहा कि पोप लियो चौदहवें ताजा संघर्ष की खबर सुनकर दिल की गहराई दुखी हैं। उन्होंने कहा, इसमें नागरिकों हताहत हुए हैं और लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर हुए हैं। मैं इन प्रिय लोगों ने प्रार्थना करता हूं।

**दोनों पक्षों को संघर्षविराम पर लौटने के लिए कहेंगे: ट्रंप**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह दोनों दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से संघर्षविराम समझौते पर वापस लौटने के लिए कहेंगे। जुलाई में दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम मलयेशिया की मध्यस्था और ट्रंप के दबाव में हुआ था।

ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगर थाईलैंड और कंबोडिया सहमत नहीं हुए तो वह उनकी व्यापार सुविधाएं रोक देंगे। अक्तूबर में मलयेशिया में एक बैठक में संघर्षविराम समझौते को औपचारिक रूप दिया गया। फिर भी दोनों देशों ने प्रचार युद्ध जारी रखा और कम स्तर की सीमा पार हिंसा होती रही। कंबोडिया ने शिकायत की कि थाईलैंड ने 18 सैनिक वापस नहीं किए, जबकि थाईलैंड ने शिकायत की कि सीमा पर सैनिक घातक सुरंगों में घायल हुए हैं। इन नई सुरंगों को कंबोडिया ने बनाया। कंबोडिया का कहना है कि ये सुरंगें 1999 में समाप्त हुए गृह युद्ध से हैं।

ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह गुरुवार को दोनों नेताओं से फोन पर बात करेंगे और दोनों पक्षों को फिर से लड़ाई बंद करने के लिए मना लेंगे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं उन्हें लड़ाई रोकने के लिए मना सकता हूं। और कौन कर सकता है?

वहीं, थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिनन चार्नविराकुल ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि बातचीत के लिए अमेरिका ने थाईलैंड से संपर्क नहीं किया है। अनुतिन ने कहा कि जनता की भावनाओं को देखते हुए वह तब तक संघर्ष जारी रखेंगे जब तक थाईलैंड की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती।

# पुर्तगाल में सड़कों पर उतरे दस लाख से ज्यादा कामगार

## उड़ान-रेल-सरकारी सेवाओं के बाधित होने की उम्मीद



**लिस्बन।** पुर्तगाल में दो मुख्य कर्मचारी संघों की हड़ताल ने देशभर में हलचल मचा दी है। एक साथ दस लाख से ज्यादा कामगारों के सड़क पर उतरने की खबर से चारों तरफ हलचल मची हुई है। इस हड़ताल के कारण फ्लाइट और ट्रेन सेवाएं, सरकारी कामकाज बंद और स्कूल-कॉलेज की क्लासें रद्द होने की भी उम्मीद है।

पुर्तगाल में गुरुवार को देश के दो मुख्य कर्मचारी संघों की हड़ताल ने देशभर में हलचल पैदा कर दी है। संभावना इस बात की तेज है कि इस हड़ताल के चलते देशभर में बड़े पैमाने पर फ्लाइट और ट्रेन सेवाओं में रुकावट आएंगी। साथ ही कई सरकारी सेवाओं का बंद रहना और मेडिकल अपॉइंटमेंट व स्कूल-कॉलेज की क्लासें रद्द होने की संभावना तेज है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इस हड़ताल में करीब एक मिलियन यानी 10 लाख से ज्यादा कामगारों के शामिल होने की उम्मीद है। यह देश में पिछले 10 वर्षों में सबसे बड़ी हड़ताल मानी जा रही है।

हड़ताल के मुख्य कारण दक्षिण सरकार की रोजगार कानूनों में बदलाव की योजना है। मामले में कर्मचारी संघों का आरोप है कि सरकार के प्रस्तावित बदलाव कामगारों के हक और सुविधाओं को कम कर देंगे। वहीं बात अगर सरकार के पक्ष की करें तो सरकार का कहना है कि ये बदलाव अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और विकास को बढ़ावा देने के लिए जरूरी हैं।

संघों ने गुरुवार को सड़कों पर मार्च और प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। यह 2013 के बाद पहली बार है जब जनरल वर्कर्स यूनियन और जनरल कॉन्फेडरेशन ऑफ पुर्तगाली वर्कर्स ने मिलकर यह हड़ताल की है।हालांकि सामाजिक डेमोक्रेट प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो ने हड़ताल को बेवकूफी भरा बताया और कहा कि देश की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है।

**सरकार के प्रस्तावित बदलावों में क्या-क्या:** बता दें कि सरकार के प्रस्तावित बदलावों में कंपनियों के लिए कर्मचारियों को निकालना आसान करना। कुछ क्षेत्रों में हड़ताल करने का अधिकार कम करना और माताओं के लिए स्तनपान ब्रेक को पहले दो साल तक सीमित करना, जबकि अब यह खुला रहता है।

गौरतलब है कि पुर्तगाल यूरोपीय संघ (ईयू) की सबसे छोटी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। यहां की औसत मासिक वेतन लगभग 1,600 यूरो (लगभग 169000 रुपया) है। वहीं न्यूनतम मासिक वेतन 870 यूरो (लगभग 92,000 रुपया) है।

# ट्रंप के अमेरिका को किस यूरोपीय देश ने बताया खतरा, रूस और चीन के साथ जुड़ा नाम



**कोपनहेगन।** डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति पिछले प्रशासनों के मुकाबले ज्यादा आक्रामक हुई है। खासकर अमेरिका के करीबी देशों के लिए स्थिति काफी चिंता बढ़ाने वाली है। दरअसल, ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ही रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर यूरोप के देशों और आव्रजन-आयात के मुद्दे पर लगभग पूरी दुनिया को निशाना बनाया है। इतना ही नहीं ट्रंप ने कनाडा और ग्रीनलैंड को तो अमेरिका के साथ मिलाने तक के संकेत दिए हैं। ट्रंप की इन बातों को लेकर कभी अमेरिका के सबसे करीबी रहे देशों में भी अब शंकाएं पैदा होने लगी हैं।

अब सामने आया है कि यूरोप के देश डेनमार्क की खुफिया एजेंसी ने अमेरिका को अपनी सुरक्षा के लिए जोखिम के तौर पर चिह्नित किया है। यह पहली बार है, जब किसी नॉर्डिक यूरोपीय देश ने ऐसा कदम उठाया है। डेनमार्क की एजेंसी ने अमेरिका को उसी वर्ग में रखा है, जिसमें वह रूस, चीन और अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बन सकने वाले देशों को रखता है।

इस एजेंसी ने खुफिया मामलों का सार बताती हुई 2025 की रिपोर्ट को बुधवार को ही प्रकाशित किा है। इसमें वॉशिंगटन की ग्रीनलैंड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी को लेकर चिंता जताई गई है। बता दें कि ग्रीनलैंड लंबे समय से डेनमार्क के शासन के अंतर्गत आता है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप लंबे समय से इसे अमेरिका के हिस्से में करने की बात कहते रहे हैं। वे ग्रीनलैंड को खरीदने की पेशकश तक कर चुके हैं।

1. रिपोर्ट में रूस को लेकर क्या?

डेनमार्क की एजेंसी ने जो रिपोर्ट जारी की है, उसमें रूस और चीन को अब भी सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इसमें कहा गया है कि मौजूदा समय में इन देशों से खतरा और गंभीर होता जा रहा है। इसकी वजह है कि अमेरिका अब यूरोप के सुरक्षा गारंटर की प्रतिबद्धता से पीछे हट रहा है, जिससे ऐसी कूटनीतिक दरारें पैदा हो रही हैं, जिनका रूस फायदा उठा सकता है।

# ईयू की 2035 समय-सीमा अब अनिश्चित, ऑटो कंपनियां फिर से दहन इंजन वाले वाहनों की बना रही हैं योजना



**नई दिल्ली।** कई यूरोपीय ऑटोमोबाइल कंपनियां और उनके सप्लायर इस उम्मीद में कम्बशन इंजन वाली कारों को नई जिंदगी देने की तैयारी कर रहे हैं कि यूरोपियन यूनियन इस टेक्नोलॉजी पर लगाए जाने वाले अपने प्लान किए गए बैन को वापस ले लेगा।

यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा 2035 से नए दहन इंजन वाहनों पर प्रस्तावित प्रतिबंध अब पहले जितना निर्णायक नहीं दिख रहा है। इसी आशंका के बीच यूरोप की कई ऑटो कंपनियां और उनके आपूर्तिकर्ता फिर से ऐसे वाहनों की दीर्घकालिक योजना पर काम शुरू कर रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक नहीं बल्कि पारंपरिक इंजन का इस्तेमाल करेंगे।

उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कई पार्ट्स निमार्ताओं को वाहन कंपनियों से यह संकेत मिल रहे हैं कि उन्हें 2035 के बाद भी यूरोपीय बाजार के लिए गैर-ईवी मॉडलों की आपूर्ति के लिए तैयार रहना चाहिए। इसलिए यह संभावित बदलाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मर्सिडीज-बेंज, स्टेलैंटिस और बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियां अभी से इस संभावना के लिए रणनीति बना रही हैं कि उनके दहन इंजन वाले वाहन 2035 के बाद भी बाजार में उपलब्ध रहेंगे।

हालांकि यह चचाएं अभी प्रारंभिक स्तर पर हैं और ईयू के अंतिम नियमों के आधार पर इनमें बदलाव संभव है। यूरोपीय सप्लायर एसोसिएशन उछएढअ के सेक्रेटरी जनरल बेनजामिन क्रिगर ने कहा कि कई कार निमार्ता स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि 2035 के बाद भी कुछ रूप में दहन इंजन, जैसे प्लग-इन हाइब्रिड या रेंज-एक्सटेंडर की आवश्यकता होगी।

उनके अनुसार, लोग अभी केवल बैटरी-इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं। मर्सिडीज ने बयान जारी कर कहा कि कंपनी यूरोप में 2030 के दशक के अंत तक ग्राहकों की मांग के अनुरूप, चाहे ऑल-इलेक्ट्रिक ड्राइव हो या इलेक्ट्रिफाइड दहन इंजन, दोनों विकल्प उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है।

**चीनी प्रतिस्पर्धा से यूरोपीय उद्योग दबाव में:** ईवी की असमान गति से हो रही वृद्धि और इ ऊ (बीवाईडी) जैसी चीनी कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने यूरोपीय निमार्ताओं को अतिरिक्त क्षमता की समस्या से जूझने पर मजबूर कर दिया है।

इस स्थिति में जर्मनी और फ्रांस जैसी सरकारें तथा उद्योग समूह ईयू के 2035 प्रतिबंध की समीक्षा की मांग कर रहे हैं।ईवी अपनाने की धीमी रफ्तार को देखते हुए समीक्षा प्रक्रिया 2026 से पहले ही शुरू कर दी गई है। और इस महीने इसके जारी होने की उम्मीद है।

स्टेलैंटिस के सीईओ एंटोनियो फिलोसा ने हाल ही में कहा कि यह बदलाव यूरोपीय नियमों को ₹दोबारा सोचने₹ का अवसर देता है। ताकि रोजगार, पर्यावरण और वहनीयता तीनों का संतुलन बनाए रखा जा सके। कई उद्योग नेता 2035 के बाद भी हाइब्रिड वाहनों की बिक्री की अनुमति देने की मांग कर रहे हैं।

दहन इंजन, हाइब्रिड और इएश (बीईवी) तीनों तकनीकों में अलग-अलग सप्लाई चेन और पुर्जों की आवश्यकता होती है। यदि कंपनियां कई तकनीकी विकल्प देकर बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहना चाहती हैं, तो उन्हें सभी सप्लाई चेन मजबूत बनाए रखनी होंगी। वोल्वो और पोर्शे जैसी कंपनियां भी अपनी पूरी-ईवी रणनीति से पीछे हटते हुए अब फिर से दहन इंजन और हाइब्रिड मॉडलों का विस्तार कर रही हैं।

# राष्ट्रपति यून को बचाने के लिए रची थी साजिश! पूर्व कार्यवाहक नेता पर मुकदमा दर्ज, किया था ये काम



**वकील चो यून-सुक की जांच टीम का दावा है कि पूर्व कार्यवाहक नेता चोई सांग-मोक ने अपने कर्तव्य में लापरवाही बरती थी। उन्होंने कहा कि उनके एक कदम ने राष्ट्रपति यून को पद से हटाने की संभावना को कमजोर कर दिया था।**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व कार्यवाहक नेता चोई सांग-मोक पर गुरुवार को तत्कालीन राष्ट्रपति यून सुक येओल की ओर से दिसंबर 2024 में थोड़े समय के लिए मार्शल लॉ लागू करने से संबंधित आरोपों में अभियोग लगाया गया। सांग-मोक इस मामले में कानूनी मुश्किलों में फंसने वाले सबसे नए हाई-प्रोफाइल शख्स बन गए हैं।

चोई उन तीन शीर्ष यून प्रशासन के अधिकारियों में से एक हैं जिन्होंने यून के महाभियोग और पद से हटाए जाने के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था।

यह महाभियोग मार्शल लॉ की घोषणा के कारण लगाया गया था, जिसने दक्षिण कोरिया को बड़े पैमाने पर राजनीतिक उथल-पुथल में डाल दिया था। यून फिलहाल जेल में हैं और उन पर विद्रोह के आरोपों में एक बहुचर्चित आपराधिक मुकदमा चल रहा है। यून प्रशासन के दर्जनों उच्च-स्तरीय अधिकारियों और सैन्य कमांडरों को भी यून के मार्शल लॉ की विफलता और अन्य आरोपों में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है, उन पर आरोप लगाए गए हैं या उनसे पूछताछ की जा रही है।

**वकील ने किया साजिश का खुलासा:** वकील चो यून-सुक के नेतृत्व वाली एक जांच टीम ने गुरुवार को चोई पर नौ सदस्यीय संवैधानिक अदालत में तीन खाली सीटों को पूरी तरह से बहाल न करने के लिए कर्तव्य की उपेक्षा का आरोप लगाया, जो इस बात पर विचार कर रहा था कि यून को पद से हटाया जाए या नहीं।

**चोई के इस कदम से बचे रहे यून:** अदालत को पूरी क्षमता के साथ बहाल करना एक ऐसा कदम माना जा रहा था जिससे यून को पद से हटाने की संभावना बढ़ सकती थी, क्योंकि उन्हें बर्खास्त करने के लिए अदालत के फैसले को कम से कम छह न्यायाधीशों के समर्थन की आवश्यकता थी। चोई, जो यून के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री थे, ने दो नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की, लेकिन नौवें न्यायाधीश का पद खाली छोड़ दिया, जिसका कारण उन्होंने अंतरिम राष्ट्रपति बनने पर द्विदलीय सहमति का अभाव बताया।

**कर्तव्य में लापरवाही के लगे आरोप:** अप्रैल में अदालत के आठ न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से यून को पद से हटाने का फैसला सुनाया। सहायक विशेष अभियोजक पार्क जी-यंग ने एक ब्रीफिंग में बताया कि चो की टीम ने एक अन्य कार्यवाहक नेता हान डक-सू पर भी कर्तव्य में लापरवाही का यही आरोप लगाया है।

# पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल की जेल

## इमरान खान के करीबी पर मुनीर की नजर टेढ़ी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख फैज हमीद के खिलाफ कई मामलों में फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इनके मद्देनजर फैज को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने गुरुवार को खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (क्रक) के पूर्व प्रमुख फैज हमीद को सेना के कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में 14 साल जेल की सजा सुनाई है। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार खुफिया एजेंसी के किसी महानिदेशक रहे शख्स को सजा सुनाई गई है।

सेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक पाकिस्तान सेना अधिनियम के प्रावधानों के तहत लेफ्टिनेंट जनरल हामिद के खिलाफ 12 अगस्त, 2024 को फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल की प्रक्रिया शुरू की गई थी।



**फैज हमीद के खिलाफ चार मुकदमे हुए थे दर्ज**

फैज हमीद पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, राज्य की सुरक्षा और हितों के लिए हानिकारक आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने, अधिकार और सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करने और व्यक्तियों को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने से संबंधित चार आरोपों में मुकदमा चलाया गया था।

**इमरान खान के करीबी रहे हैं पूर्व ISI चीफ**

फैज हमीद ने 2019 से 2021 तक आईएसआई के महानिदेशक के रूप में कार्य किया था। पूर्व आईएसआई चीफ को जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान का करीबी माना जाता है। उन्होंने 10 दिसंबर, 2022 को समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने से पहले ककोर के कमांडर के तौर पर अंतिम बार सेवा की थी। बयान में कहा गया है, 'लंबी कानूनी कार्यवाही के बाद आरोपी को सभी आरोपों में दोषी पाया गया है और अदालत ने उसे 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, जिसका एलान 11 दिसंबर 2025 को किया गया है।'

**सियासी मामलों में अलग से मिलेगी सजा**

सेना ने आगे कहा कि फील्ड जनरल कोर्ट मार्शल ने सभी कानूनी प्रावधानों का अनुपालन किया और आरोपी को सभी कानूनी अधिकार दिए गए, जिनमें उसकी पसंद की रक्षा टीम का अधिकार भी शामिल है। बयान के मुताबिक दोषी को दोष सिद्ध होने के बाद संबंधित मंच पर अपील करने का अधिकार है।

पाकिस्तानी सेना ने कहा, 'राजनीतिक तत्वों के साथ मिलकर निहित स्वार्थों से प्रेरित सियासी आंदोलन और अस्थिरता को भड़काने में दोषी की संलिप्तता और कुछ अन्य मामलों से अलग से निपटा जा रहा है।'

# अवैध प्रवासियों को ले जा रही नाव क्रोएशिया की नदी में पलटी

## तीन की की मौत, आठ लोग घायल



**जाब्रेग।** दक्षिण पूर्व यूरोप का देश क्रोएशिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां पूर्वी क्रोएशिया में गुरुवार सुबह सावा नदी में एक नाव पलटने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हुए।

यह हादसा सलावोंस्की ब्रॉड शहर में बॉस्निया की सीमा के पास हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, अवैध प्रवासी घने धुंध में नदी पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी नाव पलट गई।

इस हादसे को लेकर दमकलकर्मी इवान वुलेटा ने बताया कि आपातकालीन सेवाओं को सुबह 5:30 बजे कॉल मिली और उन्होंने रेस्क्यू बोट से राहत कार्य शुरू किया। वहीं पुलिस ने बताया कि बोस्निया का एक शख्स लोगों की तस्करी के शक में हिरासत में है और अस्पताल में भर्ती है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो अभी घायलों और मृतकों की राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं हुआ है।

# पाकिस्तान पर फिर मेहरबान हुआ अमेरिका

## एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपडेट करने के लिए 686 मिलियन डॉलर में बेचेगा तकनीक

**इस्लामाबाद।** अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपडेट करने के लिए 686 मिलियन अमेरिकी डॉलर में आधुनिक तकनीक की बिक्री को मंजूरी दी है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने सोमवार को कांग्रेस को भेजे पत्र में यह मंजूरी दी। इस पैकेज में लिंक16 प्रणाली क्रिप्टोग्राफिक उपकरण, एवियोनिक्स अपडेट, प्रशिक्षण और व्यापक लॉजिस्टिक समर्थन शामिल हैं।

डीएससीए के पत्र में बिक्री का कारण स्पष्ट किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगा, जिससे पाकिस्तान अमेरिकी और साझेदार बलों के साथ आतंकवाद विरोधी प्रयासों और भविष्य की आकस्मिक परिस्थितियों के लिए अंतर-संचालन बनाए रख सकेगा। इसका उद्देश्य पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े को आधुनिक बनाना और परिचालन सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करना भी है।



पत्र में जिक्र किया गया है कि यह वर्तमान और भविष्य के खतरों का सामना करने के लिए पाकिस्तान की क्षमता को बनाए रखेगा। पाकिस्तान के F-16 लड़ाकू विमान के ब्लॉक-52 और मिड लाइफ अपग्रेड मॉडल हैं, उन्हें अपडेट किया जाएगा। ये अपडेट पाकिस्तान वायु सेना और अमेरिकी वायु सेना के बीच युद्ध अभियानों, अभ्यासों और प्रशिक्षण में अधिक सहज एकीकरण और अंतर-संचालन प्रदान करेंगे। अपडेट विमानों के जीवनकाल को 2040 तक बढ़ाएगा और अहम उड़ान सुरक्षा चिंताओं को दूर करेगा।

पत्र में कहा गया है कि पाकिस्तान ने तकनीक को अपनाने में उत्सुकता दिखाई है और देश अपनी सैन्य ताकत को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और उसे इन उपकरणों और सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

पत्र में कहा गया है कि इस उपकरण और समर्थन की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में सैन्य संतुलन नहीं बदलेगा। कुल अनुमानित बिक्री मूल्य 686 मिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसमें मुख्य रक्षा उपकरण का मूल्य 37 मिलियन और अन्य चीजों का मूल्य 649 मिलियन डॉलर है।

**अमेरिका का डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन एक बार फिर पाकिस्तान पर मेहरबान हुआ है। उसने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपडेट करने के लिए 686 मिलियन डॉलर में आधुनिक तकनीक बेचने की मंजूरी दी है। यह अपडेट पाकिस्तान के एफ-16 बेड़े को आधुनिक बनाएगा और विमानों की सुरक्षा और जीवनकाल को 2040 तक बढ़ाएगा।**

# भारत को छोड़ पाकिस्तान के साथ जाने को बेताब बांग्लादेश, चीन बना इसका सरपरस्त

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से ही मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बढ़ा रही है। दोनों देशों के बीच रक्षा से लेकर व्यापार तक के क्षेत्र में कई समझौते हुए हैं। अब चीन के नेतृत्व में पाकिस्तान दक्षिण एशिया में एक गठबंधन तैयार करने पर जोर दे रहा है, जिसमें भारत शामिल न हो। अब बांग्लादेश ने ऐसे गठबंधन में दिलचस्पी दिखाई है।

बांग्लादेश में पिछले साल सत्ता परिवर्तन के बाद से ही स्थितियां गंभीर बनी हुई हैं। खासकर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में बांग्लादेश लगातार कट्टरपंथ की तरफ बढ़ा है। आलम यह है कि उसकी विदेश नीति भी भारत से दूर होकर पाकिस्तान पर केंद्रित होती दिख रही है। इसका एक उदाहरण बुधवार को मिला, जब बांग्लादेश के मौजूदा विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने कहा कि यह कूटनीतिक तौर पर संभव है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान के उस क्षेत्रीय गठबंधन में शामिल हो जाए, जिसमें भारत शामिल नहीं है।

बांग्लादेश की न्यूज एजेंसी संवाद संस्था (बीएसएस) की रिपोर्ट के मुताबिक, तौहीद ने कहा कि इस तरह के कूटनीतिक समूह में नेपाल और भूटान का शामिल होना शायद संभव न हो। उन्होंने कहा, यह हमारे लिए (बांग्लादेश के लिए) कूटनीतिक तौर पर संभव है, लेकिन नेपाल और भूटान का पाकिस्तान के साथ किसी समूह में शामिल होना, वह भी जिसमें भारत न हो, के साथ जुड़ना मुमकिन नहीं है। तौहीद ने कहा कि इशाक डार ने कुछ कहा है और किसी मौके पर इसमें प्रगति भी हो सकती है।,

हालांकि, उन्होंने मामले पर आगे टिप्पणी से इनकार कर दिया और कहा कि उन्हें ऐसे गठबंधन के बारे में मीडिया से ही जानकारी मिली है। पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने हाल ही में दावा किया था कि बांग्लादेश-चीन और पाकिस्तान का त्रिपक्षीय गठबंधन बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है और इसे बाकी क्षेत्रीय और क्षेत्र के बाहर की ताकतों को शामिल कर के बढ़ाया जा सकता है।